✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 316 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 15 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत करते सम्राट चौधरी

# सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नये मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में मंगलवार का दिन बेहद हलचल भरा रहा। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा समेत सभी बड़े नेता शामिल हुए। सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया जिसके बाद उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार सम्राट चौधरी बुधवार सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ ही बिहार में नई सरकार का औपचारिक गठन हो जाएगा। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी और सहयोगियों ने उन पर जो भरोसा जताया है उसके लिए वे सभी के प्रति आभारी हैं। इस अहम बैठक में विनोद तावड़े और बीएल संतोष जैसे वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। सभी की सहमति से लिए गए इस फैसले (शेष पृष्ठ 11 पर)



## नीतीश कुमार ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा देने के साथ बिहार की राजनीति में लगभग दो दशक से चले आ रहे एक युग का अंत हो गया है। राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने जाने के बाद वे अब केंद्रीय राजनीति की ओर रुख कर चुके हैं। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नीतीश कुमार ने लोकभवन (राजभवन) जाकर राज्यपाल सैयद अता हसनैन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल ने नीतीश कुमार का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इस्तीफा देने से पहले पटना में नीतीश कुमार ने कैबिनेट की आखिरी बैठक की। इसके बाद उन्होंने कहा कि 'मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं।' यह सुनते ही बैठक में मौजूद नीतीश के तमाम नेता इमोशनल हो गए। मंत्री लेसी सिंह तो मीडिया से बात करते हुए फफक पड़ीं। वहीं मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि आज सब भावुक थे, सभी की आंखें नम रहीं। इस्तीफा देने से पहले 14 अप्रैल को नीतीश कुमार ने आखिरी दिन भी मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी सारी जिम्मेदारियों को निभाया। उन्होंने भारत रत्न बीआर अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बिहार कैबिनेट की बैठक पर बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अंतिम कैबिनेट है तो अच्छा तो नहीं लग रहा है। राजनीतिक (शेष पृष्ठ 11 पर)



### संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में भाजपा विधायक घायल

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जीरोमाइल क्षेत्र के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की अहले सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते उस वक्त टल गया, जब संजय गुप्ता की कार अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में विधायक, उनकी पत्नी, बेटी और अंगरक्षक बाल-बाल बच गए, हालांकि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि इस हादसे की वजह सुबह के धुंधलके और कम दृश्यता के बीच सड़क पर पड़ा एक ट्रक का अतिरिक्त टायर (स्टेपनी) बन गया।

### 25 हजार रुपये का इनामी कुख्यात गिरफ्तार

**सहरसा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला पुलिस और पटना एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी बादल साह उर्फ 'बॉस' को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद अपराध जगत में हलचल मच गई है। पूरे ऑपरेशन का खुलासा सिमरी प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने किया।

### औरंगाबाद की छात्रा का मिला शव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव में एक किराए के मकान में रह रही इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा का शव संदिग्ध परीस्थिति में मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड निवासी के रूप में हुई है।

## बिहार और अधिक तेजी से होगा विकसित : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अंतिम कैबिनेट की बैठक के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी वर्गों का विकास किया है, चाहे हिंदू हों, मुस्लिम हों, उच्च वर्ग हो, पिछड़ा वर्ग हो, अति पिछड़ा वर्ग हो, दलित हों या महादलित सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में कार्य हुआ है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए 'सात निश्चय-3' का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नमन है। बिहार और अधिक तेजी से विकसित होगा, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है और लंबे समय से निरंतर उनकी सेवा की है। हमने पहले ही तय किया था कि अब मुख्यमंत्री पद छोड़ देंगे। इसी क्रम में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। अब नई सरकार राज्य का कार्यभार संभालेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी अच्छा काम होगा और बिहार निरंतर प्रगति करता रहेगा। बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।

### मोतिहारी में दिखेगी देश की सैन्य ताकत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** चंपारण की ऐतिहासिक धरती ने कभी पूरी दुनिया को 'सत्याग्रह' का रास्ता दिखाया था, अब रक्षा तकनीक की आधुनिकता की गवाह बनने जा रही है। मोतिहारी के लिए यह किसी बड़े उत्सव और ऐतिहासिक गौरव से कम नहीं है कि यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन अपनी रक्षा प्रणालियों की एक भव्य प्रदर्शनी लगाने जा रहा है। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में डीआरडीओ 15 से 18 अप्रैल तक एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है। इस आयोजन का उद्घाटन रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और सांसद राधा मोहन सिंह करेंगे। इस प्रदर्शनी का मुख्य मकसद युवाओं को प्रेरित करना है ताकि देश की सुरक्षा और क्षमताओं को मजबूत करने वाली तकनीकों को समझ कर वह भी भविष्य में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## सूबे में हड़ताल पर गए 41 सीओ निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने हड़ताल पर गए अंचल अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 41 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। इसमें कहा है- इन अधिकारियों ने सरकारी आदेशों की अवहेलना की। अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से पूरी नहीं की है। सरकार के आदेश के अनुसार, निलंबित किए गए अधिकारियों पर कई आरोप लगे हैं। जैसे सरकारी कार्यक्रमों में भाग नहीं लेना, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी और प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही बरतना शामिल है। कुछ मामलों में यह भी सामने आया कि अधिकारियों ने महत्वपूर्ण सरकारी अभियानों और बैठकों का बहिष्कार किया, जिससे कामकाज प्रभावित हुआ। अधिसूचना में यह भी लिखा है कि इन अधिकारियों के कारण राजस्व संग्रह के दिए गए लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। कई जगहों पर तय लक्ष्य के मुकाबले काफी कम राजस्व वसूली हुई, जिससे राज्य के वित्तीय प्रबंधन पर असर पड़ा। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी लापरवाही बरती गई, जो न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन माना गया है। सरकार ने यह भी कहा कि कुछ अधिकारियों ने राष्ट्रीय महत्व के कार्यों, जैसे जनगणना-2027 की तैयारियों में भी बाधा डालने का प्रयास किया।

## किशनगंज एसएचओ के सरकारी आवास से मिले 6.75 लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** किशनगंज के करोड़पति डीएसपी गौतम कुमार के बाद टाउन थाना प्रभारी अभिषेक रंजन के ठिकानों पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (एनओयू) की टीम ने छापेमारी की है। यह कार्रवाई किशनगंज, पटना और छपरा में स्थित उनके पांच अलग-अलग ठिकानों की गई। किशनगंज में सरकारी आवास और चेंबर में रेड की गई। यहां टीम को 6.75 लाख रुपए मिले हैं। थाना के मुंशी के माध्यम से पैसे लेन-देन के सबूत मिलने के साथ साथ सिलीगुड़ी के दार्जिलिंग रोड में 6 कट्ठा जमीन के कागजात मिले हैं। चार गाड़ियों से एनओयू की 9 सदस्यीय टीम मंगलवार सुबह 8 बजे पहुंची, इसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं। पटना के रामकृष्णा नगर में टीम छापेमारी करने पहुंची। अभिषेक रंजन सारण के रहने वाले हैं, जिले के भेल्दी थानां क्षेत्र में उनके पैतृक गांव पैगा में एनओयू ने सुबह-सुबह दबिश दी। टीम दस्तावेज और सामानों को खंगाली है। अभिषेक रंजन के खिलाफ आय से 1 करोड़ 70 लाख 22 हजार अधिक का केस दर्ज किया गया है। सूत्रों की माने को टाउन थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार को विभागीय कार्रवाई के कारण एसपी ने पद से हटा दिया हैं। थाना अध्यक्ष के ड्राइवर हरेंद्र से भी जांच एजेंसी पूछताछ कर रही है। अभिषेक कुमार के माफिया से साठ-गांठ की बात भी सामने आ रही है। पटना के शाहपुर में घर के अलावे दो जगह जमीन भी है।

## नीतीश कुमार ने बहुत कुछ सिखाया : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सम्राट चौधरी बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को उनके नाम की घोषणा होने के बाद वह पहली बार मीडिया के सामने आए। इस दौरान उन्होंने बिहार को समृद्ध बनाने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बीएल संतोष और शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम शीर्ष नेतृत्व को आश्वस्त करते हैं कि पार्टी की विचारधारा को शीर्ष पर रखते हुए भारत को सबसे आगे रखा जाएगा। इस दौरान सम्राट चौधरी बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी जिक्र करना नहीं भूले। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जी ने बहुत कुछ सिखाया है। कैसे सरकार चलाई जाती है। कैसे बिहार में सुशासन स्थापित होगा। कैसे बिहार का विकास होगा। बिहार में कैसे लोकतंत्र स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित बनाने का सपना देखा है। जिस तरह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार का सपना देखा है, हम सभी भाई मिलकर बिहार को भी समृद्ध बनाएंगे और देश को भी विकसित करेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि इसके लिए संगठन को मजबूत बनाना है। सरकार का सुशासन सभी जाति धर्मों से ऊपर उठकर हर किसी के पास पहुंचाना है। चाहे पिछड़े हों, अतिपिछड़े हों, दलित हों, महादलित समाज हों, सभी तक विकास को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का सपना जो प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है उस सपने को पूरा करना है। इससे पहले सम्राट चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझे अपने जीवन में लगातार काम करने का मौका दिया है। एक राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर लगभग 30 साल से काम कर रहा हूं लेकिन पहले कोई विचारधारा नहीं थी। उन्होंने जब प्रधानमंत्री मोदी (शेष पृष्ठ 11 पर)

### महिला दारोगा जयश्री व चौकीदार आशीष तांती निलंबित

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के खैरा थाना से जुड़े एक भ्रष्टाचार के मामले में एसपी विश्वजीत दयाल ने सख्त कदम उठाते हुए मंगलवार को महिला दारोगा जयश्री और चौकीदार आशीष तांती को निलंबित कर दिया। साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। मामला खैरा थाना कांड संख्या 85/26 से जुड़ा है जिसमें हरियाडीह निवासी पीड़ित श्यामदेव गोस्वामी से मुकदमे में नाम नहीं जोड़ने के एवज में 8 हजार रुपये की मांग की गई थी। आरोप था कि पैसे नहीं देने पर उन्हें केस में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार बिचौलिया अमित कुमार के माध्यम से 7500 रुपये सिक्कू कुमार के फोनपे खाते में ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद महिला दारोगा जयश्री ने खुद फोन कर पैसे मिलने की पुष्टि भी की थी।

## दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर गए बिहार के पांच आइएएस-आइपीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकार से हटते ही कई अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। इसमें नीतीश कुमार के सबसे खासम खास रहे सचिव अनुपम कुमार, बिहार सरकार की तेज तर्रार आईएएस ऑफिसर बंदना प्रेयसी, प्रतिमा एस वर्मा और श्रवनन एम केंद्रीय प्रतिनिधि पर गए हैं। आईपीएस राकेश राठी भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए हैं। बता दें कि, अनुपम कुमार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे चहेते विश्वसनीय अधिकारी में से एक थे। वह मुख्यमंत्री के सचिव थे। अब वह केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी के तौर पर काम करेंगे। वहीं वंदना प्रेयसी बिहार सरकार कल्याण विभाग में सचिव पद पर थी, अब केंद्र सरकार के फर्टिलाइजर विभाग में जॉइंट सेक्रेटरी के तौर पर काम करेंगी। प्रतिमा एस वर्मा बिहार विज्ञान, प्रावैधिकी और तकनीकी शिक्षा में सचिव पद पर थीं। अब केंद्र सरकार के जनजातीय मंत्रालय में कमिश्नर के तौर पर काम करेंगी। वहीं श्रवनन एम। भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग में जॉइंट सेक्रेटरी के तौर पर काम करेंगे। आईपीएस राकेश राठी केंद्रीय गृह मंत्रालय में काम करेंगे। अनुपम कुमार और प्रतिमा एस वर्मा दोनों पति-पत्नी हैं और ये दोनों दंपति एक साथ केंद्रीय प्रतिनिधि पर दिल्ली जा रहे हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है कि इसकी अधिसूचना केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई है। कई लोग तो यह भी कहने लगे हैं कि चूंकि नीतीश कुमार दिल्ली में रहेंगे इसीलिए उनके चहेते आईएएस-आईपीएस को दिल्ली भेजा गया है। वैसे भी जब भी सरकार का हस्तांतरण होता है या फिर नई सरकार बनती है तो अक्सर ही देखा जाता है कि आईएएस-आईपीएस का तबादला होता है। ऐसे में जब बीजेपी नीत एनडीए की सरकार बिहार में बनने जा रही है तो कौन-कौन किस पद पर आसीन होते हैं इसपर नजर रहेगी।



# डॉ. प्रेम कुमार ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हवाई अड्डे पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन पर भव्य स्वागत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत और अभिनंदन किया। हवाई अड्डे परिसर में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे जिन्होंने उत्साह के साथ नारे लगाकर अपने नेता का स्वागत किया। स्वागत के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन का मार्गदर्शन और नेतृत्व सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार, संगठन को



मजबूत करने की उनकी कार्यशैली और दूरदृष्टि पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए नितिन नवीन का संकल्प स्पष्ट और मजबूत है और इसी संकल्प के साथ सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलकर पार्टी को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास और सेवा के अपने लक्ष्य को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

## डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट चौधरी को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार ने सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधान मंडल दल का नेता सर्वसम्मति से चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सम्राट चौधरी के दीर्घ राजनीतिक अनुभव, मजबूत संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है। डॉ0 प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी को यह नई जिम्मेदारी मिलना बिहार की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उनके नेतृत्व में राज्य प्रगति, समृद्धि और सामाजिक न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि सम्राट चौधरी की कर्मठता, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ बिहार के विकास को नई दिशा देगी और राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सम्राट चौधरी देंगे बिहार की राजनीति को नई दिशा : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधानमंडल दल का नेता सर्वसम्मति से चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस निर्णय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे बिहार की राजनीति को नई दिशा मिलेगी। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व, दीर्घ राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया



कि सम्राट चौधरी अपने नेतृत्व में बिहार को विकास के नए आयामों तक ले जाएंगे और नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए राज्य के चौमुखी विकास को और गति प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट चौधरी ने कम उम्र से ही समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई है और विपरीत परिस्थितियों में भी जनहित के लिए लगातार संघर्ष किया है जो उनके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि सम्राट चौधरी का अनुभव और कार्यशैली राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उनके नेतृत्व में बिहार 'विकसित बिहार' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने अंत में अति पिछड़ा समाज की ओर से सम्राट चौधरी को पुनः बधाई और अभिनंदन दिया।

# राज्यपाल से मिली मां वैष्णव देवी सेवा समिति

## थैलेसीमिया बच्चों के इलाज व सामूहिक विवाह का दिया निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णव देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन से लोक भवन में शिष्टाचार भेंट कर संस्था द्वारा किए जा रहे निःस्वार्थ सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। राज्यपाल ने विशेष रूप से मां ब्लड सेंटर द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों में गहरी रुचि दिखाई। उन्हें बताया गया कि बिहार के 45 ऐसे बच्चे जिन्हें हर 15 दिनों में जीवन के लिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहना पड़ता है, उनके लिए देश के प्रतिष्ठित अस्पताल नारायणा हेल्थ, बैंगलोर के सहयोग से बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से स्थायी उपचार की



दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी रविवार, 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले फाइनल स्क्रीनिंग कैंप के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया गया। साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह का औपचारिक निमंत्रण भी उन्हें प्रदान किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सरावगी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं संस्थापक सदस्य मुकेश हिसारिया उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सेवा एवं सामाजिक पहलों की जानकारी भी राज्यपाल को दी। राज्यपाल ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वे मां वैष्णव देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर के कार्यों को नजदीक से देखें। उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी भी कार्य की पूर्ण जानकारी प्राप्त करना पसंद करते हैं। ताकि पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके।

# गहरी दृष्टि वाले अर्थशास्त्री थे बाबा साहब अम्बेडकर : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' विषय पर एक सारगर्भित परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत सहायक प्रोफेसर चन्द्रकांत आर्य ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भारत पुनः उत्पादक राष्ट्र बने तो आर्थिक समृद्धि संभव है।



उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर केवल एक प्रखर विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि गहरी दृष्टि वाले अर्थशास्त्री भी थे। अपने शोध 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' के माध्यम से उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्राचीन भारत की आर्थिक संरचना अत्यंत सुदृढ़, समृद्ध और संतुलित थी। विजय प्रकाश ने आगे कहा कि उस समय व्यापारिक नैतिकता, गुणवत्ता, आत्मनिर्भरता और संगठित वाणिज्य व्यवस्था भारत की उन्नति के प्रमुख आधार थे। यदि वर्तमान भारत इन मूल्यों को अपनाकर पुनः उत्पादन आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़े तो देश फिर से आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर सकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्राचीन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अध्ययन कर उनके श्रेष्ठ तत्वों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लागू करना समय की आवश्यकता है। परिचर्चा का मुख्य केंद्र डॉ. अम्बेडकर का शोध प्रबंध 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' रहा जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्राचीन भारत का व्यापार वैश्विक स्तर तक विस्तृत था और समुद्री तथा स्थलीय मार्गों के माध्यम से रोम, मिस्र और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ सुदृढ़ व्यापारिक संबंध स्थापित थे। उस काल में प्रचलित मुद्रा व्यवस्था, व्यापारिक संघ और परिवहन प्रणाली अत्यंत विकसित थीं जबकि भारतीय वस्त्र, मसाले, धातु और हस्तशिल्प की अंतरराष्ट्रीय बाजार में विशेष मांग थी। परिचर्चा के निष्कर्ष के रूप में यह स्थापित किया गया कि भारत की प्राचीन आर्थिक समृद्धि का आधार उसकी मजबूत वाणिज्यिक संरचना, नैतिक व्यापार प्रणाली और सुव्यवस्थित प्रशासन था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्रोफेसर चन्द्रकांत आर्य ने प्रतिभागियों के विचारों का विश्लेषण प्रस्तुत किया और डॉ. अम्बेडकर के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों को साझा किया। उन्होंने क्रिस्टोफ जाफ्रलो द्वारा लिखित कृतियों का भी संदर्भ दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव अवधेश कुमार नारायण ने परिचर्चा की सराहना करते हुए विषय के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला और डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफेसर कुमारी प्रेरणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुला प्रकाश (निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय), डॉ. प्रतिमा कुमारी (प्रभारी प्राचार्या), महाविद्यालय के शिक्षकगण, प्रशिक्षुगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।

# धार्मिक न्यास पर्षद ने बिहार में बड़े पैमाने पर मनाया सनातनी सतुआनी पर्व

## धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बांटे सत्तू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इस बार सतुआनी पर्व को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई थी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के निर्णय के अनुसार राज्य के सभी प्रमुख मठों और मंदिरों में सतुआनी पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने न्यास पर्षद के चीना कोठी स्थित कार्यालय के साथ राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आमलोगों के बीच सत्तू का शरबत और सत्तू और गुड़ युक्त लड्डू का वितरण किया। इसके साथ ही यह पर्व केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं रह गया बल्कि दलित बस्तियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर



नंदन ने बताया कि इस बार सतुआनी को सामाजिक भागीदारी के साथ मनाने की योजना बनी। राज्य के अलग-अलग जिलों में मंदिरों के साथ बस्तियों में भी लोगों के बीच सत्तू और शर्बत का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य पर्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा। पटना में इस अवसर पर करीब 50 स्थानों पर विशेष काउंटर लगाए गए। इन केंद्रों पर लोगों के बीच सत्तू का शर्बत और सत्तू-गुड़ की गोली वितरित की गई। राजधानी के कई प्रमुख मंदिरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों जैसे पटना जंक्शन हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर पंचरुपी हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर गौरैयामठ के निकट, बांसघाट के काली मंदिर, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, चांदपुर बेला शिवमंदिर, पूर्वी लोहानीपुर शिवमंदिर, निशा देवी मंदिर, दलदली सालिमपुर अहरा शिव मंदिर, बाकरगंज कला मंच, दरियापुर खेतान मार्केट, सब्जीबाग, मछुआ टोली अमरुदी गली के सामने मंदिर, गौरैयामठ मंदिर मीठापुर, कालीबाड़ी मंदिर दो पुलवा, शिव मंदिर रोड नंबर 1 सिपारा, चांदपुर बेला बजरंगबली मंदिर, दुर्गा मंदिर, पृथ्वीपुर चिरैयाटांड मारुति नगर मोड़, महावीर स्थान लोधीपुर, पटना हवेली राजा बाजार, दुर्गा मंदिर मंदिरी, दुजरा देवी स्थान, अनिसाबाद गोलम्बर, कौशल नगर हनुमान मंदिर, लाल मंदिर पटेल चौक, राजभवन एसबीआई के पास, सचिवालय मंदिर, शिवपुरी उड़ान टोला शिवमंदिर, श्रीश्री देवी मंदिर शिवपुरी चौक, शिव रामेश्वर मंदिर काली स्थान दादरमंदी, बेउर मोड़ काली मंदिर, जय प्रकाश नगर भोलेनाथ मंदिर, नाला रोड दरियापुर, कदमकुआं हिंदी साहित्य सम्मेलन, काली मंदिर बांसघाट, धनकी मोड़ शिव मंदिर के साथ दलदली, बाकरगंज, सब्जीबाग, मीठापुर, सिपारा, अनिसाबाद, पटेल चौक, सचिवालय, बांसघाट और कदमकुआं समेत कई इलाके में सत्तू का शरबत और सत्तू की गोलियां बांटा गया।

## राजद कार्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेदकर की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेदकर का 135वां जयंती समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के सभी नेताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेदकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने की जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह स्वागताध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने संचालन किया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के माध्यम से देश को नई दिशा दी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि हमें बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और




समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

# बाबा साहब का संविधान ही देश की असली ताकत : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भीम संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया। सदाकत आश्रम में आयोजित भीम संवाद की अध्यक्षता करते हुए



बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संविधान ने सबको बराबर का अधिकार दिया है। बाबा साहेब सबके हैं। उन्होंने आगे कहा कि संविधान में आरक्षण सभी वर्गों को दिया गया है उनकी ही परिकल्पना पर आधारित ओबीसी आरक्षण हो या ईडब्ल्यूएस आरक्षण हो या एसटी एससी का आरक्षण हो, यह सभी आरक्षण संविधान के अनुरूप ही दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा साहेब के संविधान और सामाजिक न्याय की भावना की रक्षा के लिए लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ती रहेगी।

## आरटीइ के तहत 57 हजार से अधिक बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीइ) के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में करीब 57 हजार से अधिक बच्चों का नामांकन कराया जा चुका है। विभाग ने नामांकन करने में उदासीनता बरतने वाले निजी विद्यालय संचालकों को शीघ्र नामांकन करने का आदेश दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बच्चों का नामांकन करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा गया था। इसके बाद शिक्षा विभाग ने रैंडमाइजेशन के माध्यम से 64759 बच्चों का नामांकन कराने के लिए निजी विद्यालय आवंटित किये गए थे। विभाग के आंकड़ों की माने तो अबतक राज्य में 57 हजार से अधिक बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराया जा चुका है। वहीं निजी विद्यालयों में शेष बच्चों का नामांकन लंबित रखने को विभाग ने गंभीरता से लिया है। बताया जाता है कि पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक में निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने संबंधित स्कूल संचालकों को शीघ्र नामांकन दाखिल करने का निर्देश दिया है। ताकि बच्चों की पढ़ाई ससमय प्रारंभ हो सके।

## सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल के नेता बनाये जाने पर बिहार अग्रवाल सम्मेलन ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल के नेता बनाये जाने पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्ष अमर अग्रवाल, महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन, सचिव अक्षय अग्रवाल सहित संजय भलोटिया, निर्मल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, पवन भगत एवं अन्य सदस्यों द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। सम्मेलन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह आपके नेतृत्व, अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है कि आपको यह



अमर अग्रवाल, अध्यक्ष, बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन



डॉ गीता जैन, बिहार अग्रवाल महिला अध्यक्ष

महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश के हर वर्ग गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए आपकी प्रतिबद्धता राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। आपके मार्गदर्शन में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और बिहार एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा।

## सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुना जाना स्वागतयोग्य : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पाण्डेय ने सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बिहार के विकास का नया आयाम स्थापित किया है। बिहार के भावी मुख्यमंत्री के तौर पर सम्राट चौधरी के चयन के लिए श्री पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जदयू अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत एनडीए के अन्य वरीय नेतृत्वकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में कई स्वर्णिम अध्याय जोड़े हैं। वो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणाश्रोत रहेंगे। अब सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। सम्राट चौधरी विकास पुरुष नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी चुन लिए गए हैं। बिहार का सर्वांगीण विकास सदैव भाजपा की प्राथमिकता रही है।

# बाबा साहब की जयंती पर जन सुराज कार्यालय में विशेष कार्यक्रम

## शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे जो पिएगा, वह दहाड़ेगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जन सुराज पार्टी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक न्याय, समानता एवं संविधान के मूल्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि आज हम सभी लोग पार्टी कार्यालय में बाबा साहेब की 135वीं जयंती मना रहे हैं। यह ऐसा अवसर है जब हमें हर वर्ष यह स्मरण करने की




आवश्यकता होती है कि हम जन सुराज पार्टी को किस उद्देश्य से लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि जन सुराज में दो महान विभूतियों महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को विशेष स्थान दिया गया है। गांधी जी से हमें विचारों की शुद्धता और कर्मठता की प्रेरणा मिलती है जबकि डॉ. अम्बेडकर हमें शिक्षा और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाते हैं। मनोज भारती ने कहा कि अगर बिहार में वास्तविक बदलाव लाना है तो उसका एकमात्र रास्ता शिक्षा है। बाबा साहब ने भी कहा था कि 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जिसे जो पिएगा, वह दहाड़ेगा।' आज शिक्षा हमारे समाज की सबसे पहली जरूरत है और जहां शिक्षा की बात होती है, वहां डॉ. अम्बेडकर की प्रासंगिकता स्वतः सामने आ जाती है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने दलितों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, आज उसी प्रकार के प्रयास बिहार के लोगों को अपने समाज के उत्थान के लिए करने होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में बिहारी समाज जिस प्रकार के भेदभाव और अपमान का सामना करता है उसे समाप्त करने के लिए ठोस प्रयास जरूरी है और यह कार्य जन सुराज ही प्रभावी रूप से कर सकता है।

## हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से. पार्टी ने अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से. पार्टी के द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी के संरक्षक भारत सरकार के मंत्री जीतनराम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार सहित पार्टी के बहुत सारे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को एक ऐसा संविधान दिए जिससे सभी लोगों को एक समान अधिकार मिला चाहे वे किसी धनवान के पुत्र हो या फिर किसी गरीब का संतान सबको एक समान का अधिकार दिया गया यानी सबके लिए समानता का अधिकार है।

# डिहरी में धूमधाम से मनी बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अंबेडकर चौक और अंबेडकर नगर स्थित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। राजद नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने माल्यार्पण के बाद कहा कि बाबा साहब के विचार सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण की दिशा में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर धनंजय सिंह, दीपक चंद्रवंशी, प्रमोद पासवान, अरविंद चंद्रवंशी, बबलू खान, मनीष चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, राजेश चौधरी, पेड़ा चौधरी, सैफुल खान, परवेज आलम, सरफुद्दीन अंसारी, राजू प्रसाद, नरेंद्र रावत, भाजपा नेता कुंवर सिंह एवं डॉ. नवीन नटराजन सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं जदयू नेता सह वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल का दिन केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अंबेडकर जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर एससी-एसटी संघ के शशांक शिव शेखर, डॉ. निर्मल कुशवाहा, मोहम्मद सोहेल, शशि कुमार, नीरज पासवान, दिनेश पासवान, आनंद सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर में भी बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल के निदेशक आनंद सिंह समेत अन्य शिक्षकों और लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। एनीकट स्थित लखपतिया पार्क में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह की अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब मानवता, समानता और न्याय के प्रबल पक्षधर थे जिनके विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में संजय गुप्ता, अमित गुप्ता, मुन्ना लाल कसेरा, दिनेश गुप्ता, भगवान प्रजापति, धीरज कुमार, नंद गोपाल यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इधर मकराईन में संविधान बचाओ संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैया राम भारती के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान 'जय भीम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। शोभा यात्रा में अनिल दास, वार्ड पार्षद योगेंद्र प्रसाद, रामजी प्रसाद, रमेश सिंह, मुन्ना खान, डॉ. अशोक शर्मा, अरुण चौधरी, रामाशंकर राम, सोनी देवी, पूनम देवी, नंदलाल पासवान, ईश्वर चौधरी सहित कई लोग शामिल हुए। अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में जश्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** बिहार में भाजपा की सरकार व सम्राट चौधरी के विधायक दल के नेता बनने पर भाजपा कार्यकताओं ने मंगलवार को तिलौथू में बम पटाखे फोड़ एक दूसरे को मिठाई खिलाया। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, सम्राट चौधरी जिंदाबाद के नारे में भी लगाए। मौके पर तिलौथू मंडल पश्चिमी एवं पूर्वी अभय कुशवाहा, ऋतुराज उपाध्याय की अध्यक्षता में सुशील चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, देव कुमार मिश्रा, विनोद कुशवाहा, ददन पासवान, रामनाथ कुशवाहा, मुखिया ठाकुर, रामनाथ ठाकुर, रामनाथ सिंह, विशाल, जनार्दन सिंह, नवीन सिंह, परशुराम पाल, विश्वजीत कुमार, अजय पासवान, अमनदीप सिंह, अनिल सिंह, अभय प्रजापति, जैन जय नंदन कुमार, भगवान कुशवाहा, शंभू सिंह, नीतीश कुमार, राजू चंद्रवंशी, दिलीप कुमार गुप्ता, रमाकांत तिवारी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

## सोमवार और शुक्रवार को लगेगा विशेष कैंप, 72 घंटे में होगा समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** ऊर्जा विभाग ने उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की बिजली संबंधी परेशानियों को जल्द सुलझाने के लिए नई पहल शुरू की है। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के सभी अवर प्रमंडल और प्रशाखा कार्यालयों में अब हर सोमवार और शुक्रवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में आने वाली शिकायतों का 72 घंटे के अंदर समाधान करने का लक्ष्य रखा गया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। तय दिन और समय पर ही उनकी समस्याएं निपटाई जाएंगी। शिविर में बिजली बिल की गड़बड़ियों को तुरंत ठीक किया जाएगा। साथ ही झुके हुए पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज या खराब ट्रांसफार्मर जैसी तकनीकी समस्याओं पर भी मौके पर कार्रवाई होगी। नए कनेक्शन, नाम परिवर्तन और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतों का भी यहीं निपटारा किया जाएगा। इससे उपभोक्ताओं को अलग-अलग प्रक्रियाओं में उलझना नहीं पड़ेगा। कृषि कनेक्शन लेने वाले किसानों के लिए भी ये शिविर मददगार होंगे। यहां आवेदन प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज और अन्य औपचारिकताओं की पूरी जानकारी मिलेगी। पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर कनेक्शन लेने वालों को भी मौके पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इससे आवेदन प्रक्रिया आसान होगी। उपभोक्ता शिविर में अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान भी कर सकेंगे। इससे लंबित बिलों का निपटारा तेजी से होगा। विभाग का मानना है कि एक ही जगह सभी सेवाएं मिलने से उपभोक्ताओं का समय बचेगा और काम में पारदर्शिता बढ़ेगी। ये विशेष शिविर हर सोमवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी विद्युत अभियंता कार्यालयों में आयोजित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपनी समस्या से जुड़े सभी जरूरी दस्तावेज साथ लेकर आएं। इससे मौके पर ही समाधान संभव हो सकेगा। इस पहल से सासाराम क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है।

## सरैया पंचायत में अंबेडकर जयंती पर शिक्षा सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैया में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शिक्षा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत कार्यालय में किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया संजय चौधरी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 10वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मुखिया संजय चौधरी ने कहा कि वे प्रत्येक वर्ष बाबा साहब की जयंती पर इस प्रकार का आयोजन करते हैं, ताकि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़े और वे जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है। कार्यक्रम का संचालन उपमुखिया अमित गुप्ता ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब के विचारों को साझा करते हुए बच्चों से शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान देने की अपील की तथा इस पहल के लिए मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में सरैया पंचायत के रकियान बिगहा निवासी हंसराज को विशेष रूप से सराहा गया जिन्होंने सैनिक स्कूल नामांकन परीक्षा में पूरे भारत में तीसरा एवं बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर पंचायत का नाम रोशन किया। साथ ही नट समाज से आने वाले मिथिलेश कुमार जिन्होंने गृह रक्षा वाहिनी में योगदान दिया है, उनकी उपलब्धि पर भी गर्व व्यक्त किया गया। उनके माता-पिता को भी सम्मानित करने की घोषणा की गई। हालांकि किसी कारणवश वे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इसके अलावा 12वीं कक्षा में 442 अंक प्राप्त कर प्रखंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सोनी कुमारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी हंसराज कुमार, वार्ड सदस्य रविंद्र चौधरी, अंजू देवी, अभय भगत, विजय कुमार, आशा सिंह, संतोष शर्मा, प्रभा देवी, गोदिला प्रसाद सहित पंचायत के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में न केवल विद्यार्थियों को प्रेरित किया, बल्कि अभिभावकों में भी गर्व और उत्साह का माहौल देखा गया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिला प्रशासन ने की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रोहतास समाहरणालय गेट पर स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण एवं गणमान्य लोगों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी ने कहा कि आज का दिन बाबा साहब के सामाजिक न्याय और समानता के संदेशों को याद करने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत तथा असमानता के खिलाफ निरंतर आवाज उठाई।

## कैमूर में धूमधाम में मनी बाबा साहेब की जयंती, डीएम-एसपी ने किया माल्यार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** कैमूर जिले में धूमधाम से बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बाबा साहब की जयंती मनाया गया। डीएम नितिन कुमार सिंह व एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बाबा साहब के प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम-एसपी व प्रशासनिक अफसरों ने बाबा साहब के बताए मार्ग, समानता, न्याय एवं बंधुत्व के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता का अद्वितीय उदाहरण है जो आज भी समाज को दिशा प्रदान करता है। इधर विभिन्न शहर में स्थित कल्याण छात्रावास एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भभुआ शहर में रथ व गाजे बाजे के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## अंबेडकर की 135 वीं जयंती भाजपा कार्यालय में मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भारतीय जनता पार्टी रोहतास के जिला कार्यालय में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से संगोष्ठी के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले बाबा साहब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ततपश्चात सभी के द्वारा राष्ट्रीय गान वंदे मातरम गाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता रोहतास भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने तथा संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र पासवान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा बिहार प्रदेश की मंत्री पूनम रविदास मौजूद थी। आज की संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूनम रविदास ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों एवं संकल्प के साथ उनके पद चिन्हों पर चलने की सलाह दी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाबा साहब के अधूरे सपने को पूरा करने एवं किये जा रहे कार्यो को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प लेने की बात की। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने भी प्रधानमंत्री द्वारा दलित, शोषित एवं वंचित लोगों तक किये जा रहे कार्यो को उन तक पहुंचाकर बाबा साहब के सपने को पूरा करने के लिए उनके घर-घर तक जाकर संबंधों को विकसित कर उनके विकास के हर योजनाओं को बताने तथा उन योजनाओं से जुड़कर लाभ लेकर अपने समाज को विकसित करने की दिशा में पहल करने के लिए यहां उपस्थित सभी लोगों के साथ संकल्प लिए।

## निजी विद्यालयों की छवि खराब करने की साजिश बर्दाश्त नहीं : एसोसिएशन

### बस्तीपुर में प्रेस कांफ्रेंस, शिक्षा व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के बस्तीपुर स्थित आर.एस.के पब्लिक स्कूल परिसर में राष्ट्र रत्न एंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग सभी निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रेस कांफ्रेंस में श्री अरविंद एकेडमी के निदेशक सह जिलाध्यक्ष अरविंद भारती, आर.एस.के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, डीपीएसस स्कूल के निदेशक समरेंद्र कुमार, सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत कुमार, नंदनी किड्स स्कूल के निदेशक नितेश कुमार, शिशु संस्कार केंद्र के निदेशक उमेश शुक्ला, आयुष मेमोरियल स्कूल के निदेशक दीपक कुमार सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। इस दौरान सभी शिक्षाविदों ने एक स्वर में कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निजी विद्यालयों की छवि को धूमिल करने की साजिश रची जा रही है जिससे समाज में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल विद्यालयों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं। एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार से यह भी मांग की कि सभी निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं, ताकि विद्यार्थियों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। वक्ताओं ने बताया कि रोहतास जिले में निजी विद्यालय बहुत ही कम शुल्क में बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं जहां बड़े शहरों में नर्सरी की फीस लगभग 4000 रुपये तक होती है, वहीं यहां 500 से 2000 रुपये के बीच में ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। शिक्षाविदों ने यह भी बताया कि निजी विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों का भी नियमित आयोजन करते हैं। साथ ही वे सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहे हैं। अंत में एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने आश्वासन दिया कि वे सरकार और प्रशासन के साथ मिलकर शिक्षा के विकास के लिए आगे भी कार्य करते रहेंगे।

## संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर : डा. देवेश पांडे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** भारतीय इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनकी दृष्टि और कर्म युगों तक समाज का मार्गदर्शन करते हैं। अनजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डा देवेश पांडे ने बताया कि डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे जिनका जन्मदिन 14 अप्रैल को पूरे विश्व में सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे बाबासाहब ने अपनी प्रतिभा, संघर्ष और संकल्प से पूरी दुनिया में योग्यता का लोहा मनवाया। उन्हें भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। उनका जन्मदिवस केवल औपचारिक स्मरण नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के पुनर्स्मरण का अवसर है। उनका ध्येय वाक्य था – 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो'। वे अंतिम और वंचित व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, इसकी निरंतर वकालत करते रहे। डॉ. अंबेडकर ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार प्राप्त हों। उन्होंने संविधान को एक श्रेष्ठ मूर्तिकार की तरह सुंदर, विशाल और समावेशी आकार में गढ़ा। उनके प्रयासों से हमें न केवल एक सुव्यवस्थित राजनीतिक ढांचा मिला, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव भी प्राप्त हुई। मौलिक अधिकार, विधि का शासन और सामाजिक न्याय की अवधारणा आज भी भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है।

## दुलारपुर में गौतम बुद्ध व बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण, गिरिजा धारी पासवान हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** आरा के गड़हनी ग्राम दुलारपुर में बोधिसत्व तथागत गौतम बुद्ध एवं भारत के संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ए. के. अंबेडकर (पूर्व पुलिस महानिदेशक, बिहार) एवं आरा के सांसद सुदामा प्रसाद के संयुक्त कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया और महान विभूतियों को श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सम सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक गिरिजा धारी पासवान को गौतम बुद्ध के मोमेंटम, पंचशील एवं नीले अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है।

## डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर पाठ्य पुस्तकें वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना सह जयंती समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व प्रखंड प्रमुख बैजन्ती देवी ने किया और इस अवसर पर मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने शैक्षणिक संस्थानों के जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकें वितरित कर बाबा साहब के शिक्षा संबंधी विचारों को धरातल पर उतारने का संदेश दिया। समारोह की शुरुआत नवस्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई जहां प्रमुख बैजन्ती देवी ने मौजूद नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब पूरे राष्ट्र के नेता थे और उन्होंने शिक्षा पर सबसे अधिक जोर दिया, इसलिए बच्चों को शिक्षित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने युवाओं से डॉ. अम्बेडकर की जीवनी पढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान निर्माता के संघर्ष और विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं और उनकी प्रेरणा से ही समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में काराकाट विधायक अरूण सिंह ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया जबकि बीपीआरओ रेणूका कुमारी और मनरेगा पीओ गजेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के मार्ग पर चलकर ही पंचायती राज को मजबूती मिलेगी। मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह ने मुख्यालय में मूर्ति स्थापित होने को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को बाबा साहब के संघर्ष की याद दिलाती रहेगी।

## दरिहट में एक से 11 जून तक श्री रुद्र महायज्ञ, तैयारी तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड के दरिहट गांव में 1 जून से 11 जून तक आयोजित होने वाले श्री रुद्र महायज्ञ की तैयारी को लेकर सोमवार की शाम श्रीराम जानकी मंदिर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यज्ञ को भव्य और आकर्षक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में सर्वसम्मति से यज्ञ समिति का गठन किया गया जिसमें कृष्णा प्रसाद को अध्यक्ष एवं अशोक सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने बताया कि 30 मई की रात 8 बजे से श्री वृंदावन के कलाकारों द्वारा भव्य रासलीला की प्रस्तुति की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि 01 जून को शाम 4 बजे से विराट शोभायात्रा निकाली जाएगी जो दरिहट के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण करते हुए मेन रोड से आयरकोठा नहर तक जाएगी। यहां काशी के विद्वान पंडित पौरूष पाठक एवं अन्य पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र कलश में जल भरा जाएगा। 2 जून को अग्नि प्राकट्य के साथ परिक्रमा प्रारंभ होगी। यज्ञ समिति के वरीय सदस्य ललन पाल ने जानकारी दी कि 2 जून से संत-महात्माओं के मुखारविंद से कथा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दिन में रामलीला एवं रात में रासलीला की प्रस्तुति भी होगी। विवेक सिंह एवं मनोज यादव ने बताया कि मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न झूले एवं मीना बाजार की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही कई बड़े संत-महात्माओं के आगमन की संभावना है जिनकी जानकारी जल्द साझा की जाएगी।

## वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए मिलेगा कॉमर्शियल सिलेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अब वैवाहिक कार्यक्रम में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का नहीं बल्कि, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का ही उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव ने डीएम और गैस कंपनियों को पत्र भेजकर निर्देश दिए हैं जिस शख्स के घर में वैवाहिक कार्यक्रम निर्धारित है। वे शादी के कार्ड के साथ अपने संबंधित एसडीएम को वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति के लिए आवेदन देंगे।

## सम्राट चौधरी बने भाजपा विधायक दल के नेता, बधाइयों का तांता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जैसा कि पहले से कयास लगाए जा रहे थे, अंततः भाजपा विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को नेता चुन लिया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी। इसके साथ ही सम्राट चौधरी के बिहार के नए मुख्यमंत्री बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि वे आज मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सम्राट चौधरी के विधायक दल का नेता चुने जाने और मुख्यमंत्री बनने की खबर से भाजपा तथा एनडीए कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों और नेताओं ने इसे बिहार के लिए एक नई शुरुआत बताते हुए सुशासन, विकास और उद्योगों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई है। बधाई देने वालों का तांता लग गया है। भाजपा के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, अजय कुमार सिंह, संजय गुप्ता, कुंवर सिंह, आनंद पांडेय, अजय ओझा, मुन्नालाल कसेरा, निर्दोष पांडेय सहित कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा, प्यारेलाल ओझा, अमित पटेल, शशि शेखर, जदयू प्रवक्ता अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, गुड्डू पटेल समेत अन्य नेताओं ने भी उन्हें बधाई देते हुए एक नए और विकसित बिहार की आशा व्यक्त की। नेताओं ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और राज्य में सुशासन को और मजबूती मिलेगी।

# नवादा में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता सामान्य : डीएसओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।




उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 14,014 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 3,697, बीपीसीएल के 7,466 एवं आईओसीएल के 2,851 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।

शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त कुल 346 शिकायतों में से 297 का समाधान किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों का निष्पादन शीघ्र किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी प्रखंडों में विशेष छापामारी दल गठित किए गए हैं। इन दलों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों के गोदामों एवं वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज भी जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

साथ ही यह निर्देश दिया गया है कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडर से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबर फैलाते हुए पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन, नवादा द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया है कि जिले में गैस सिलेंडर की उपलब्धता पर्याप्त है एवं आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों से दूर रहें, आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें तथा संयम बनाए रखें।

## डंपर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सालेपुर-राजगीर निर्माणाधीन टूरिस्ट वे पर हुए सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान वेना थाना क्षेत्र के बनवारीपुर मोरा निवासी राजनंदन पासवान (50) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, उनकी बड़ी बेटी की शादी 29 अप्रैल को होने वाली थी और घर में उत्सव का माहौल था। राजनंदन पासवान अपने भतीजे कौशल कुमार के साथ बाइक से रिश्तेदारों को शादी का निमंत्रण देने निकले थे। गबसपुर गांव से लौटने के दौरान अनियंत्रित डंपर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भतीजा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## नवादा जिला कांग्रेस कमिटी भंग, सभी पद निरस्त

**नवादा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठनात्मक फेरबदल के तहत नवादा जिला कांग्रेस कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष प्रभाकर कुमार झा द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देशानुसार बिहार प्रदेश के सभी नव नियुक्त जिला अध्यक्षों की सूची 30 अप्रैल 2026 को जारी की गई थी। पत्र के अनुसार, प्रभाकर कुमार झा को नवादा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और उन्होंने 6 अप्रैल 2026 को पदभार ग्रहण किया। इसकी सूचना पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भी दे दी गई थी। हालांकि, वर्तमान में नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद सहित सभी पदों को निरस्त कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अब किसी भी पदाधिकारी को अपने पद का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि कोई कार्यकर्ता या पदाधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर मीडिया में किसी प्रकार की खबर प्रकाशित करता है, तो उसे अवैध माना जाएगा। इसके साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जब तक नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर नई नियुक्ति की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी नहीं की जाती, तब तक कांग्रेस से संबंधित किसी भी प्रकार की खबर को आधिकारिक बयान नहीं माना जाएगा।

# जिलाधिकारी ने किया परीक्षा के दौरान केंद्रों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** 14 अप्रैल 2026 को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के क्रम में कन्या इंटर विद्यालय, नवादा, गांधी इंटर स्कूल, नवादा एवं राजकीय मध्य विद्यालय, नवादा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया।जिलाधिकारी द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था का विशेष रूप से अवलोकन किया गया।

साथ ही उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा का संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारू रूप से किया जाए तथा किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

## अंबेडकर जयंती पर जिला पदाधिकारी ने किया माल्यार्पण



**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाहरणालय, नवादा के समीप अवस्थित अंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पण के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा अंबेडकर पार्क परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अंबेडकर पार्क में उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता गौरव शंकर, स्थापना प्रभारी डॉ. राज कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# ट्रैक्टर चालक की सड़क हादसे में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में सड़क हादसा में युवा ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन-भुआलटांड़ मुख्य पथ पर यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान खड़सारी पंचायत के कदहर गांव निवासी बिजली राम के 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि राहुल कुमार पेशे से ट्रैक्टर चालक था और रोजाना बालू ढुलाई का काम करता था। मंगलवार की सुबह वह ट्रैक्टर से बालू अनलोड कर वापस अपने गांव की ओर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर का संतुलन अचानक बिगड़ गया।



चालक कुछ समझ पाता उससे पहले ही ट्रैक्टर इंजन व डाला सहित सड़क किनारे पलट गया और लगभग आठ फीट नीचे खेत में चला गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि चालक ट्रैक्टर के चक्के के नीचे दब गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे,लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के स्वजन सहित सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना कौआकोल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को हटवाया गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया।

# संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने दिया सबों को समान अधिकार : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अम्बेदकर पार्क में मंगलवार को अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी एवं गैर कर्मचारी संघ कौआकोल के बैनर तले भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम एवं उत्साहपूर्ण माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास ने की,जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कौआकोल प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेदकर ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को अधिकार



दिलाने तथा समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। मुख्य अतिथि बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का संविधान आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार मानते हुए समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। जदयू जिलाध्यक्ष सह जिला पार्षद राजकिशोर दांगी ने कहा कि अम्बेदकर के विचार आज भी सामाजिक समरसता और विकास की प्रेरणा देते हैं। वहीं भाजपा नेता सह जिला पार्षद अजित यादव ने बाबा साहेब को आधुनिक भारत का महान निर्माता बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। जदयू के वरिष्ठ नेता सतीश कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,राजेन्द्र रावत, ज्योतिष साहू, कौलेश्वर दास, सुरेश सोरेन, ललन दास, सुरेश हेम्ब्रम, योगी त्यागनाथ सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक एकता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी, जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अंत में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में समानता और भाईचारा कायम रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# बाबा साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** प्रखंड क्षेत्र में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। हिलसा स्थित अंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ के अनुमंडल अध्यक्ष प्रिंस कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बाबा साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग, खासकर स्लम



क्षेत्रों में जागरूकता फैलाना जरूरी है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए शिक्षित समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। शहर के राममूर्ति नगर में जैनेंद्र कुमार के नेतृत्व में भीम संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, वहीं जुनियार गांव में वार्ड सदस्य अविनाश पासवान और समाजसेवी संतोष पासवान के नेतृत्व में भीम परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। अकबरपुर में बालेश्वर पासवान के नेतृत्व में भीम संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं, खोरमपुर गांव में इंडियन डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कुलवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर हिलसा में भीम आर्मी के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा रामबाबू हाई स्कूल मैदान से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंची। अंबेडकर पार्क में आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# अंबेडकर जयंती पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।






मुख्य अतिथि अनिल मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान की रचना कर देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए किए गए अथक प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के विचार आज भी समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब के विचारों की उपेक्षा की और केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए उनके नाम का उपयोग किया। वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबासाहेब के आदर्शों को सही मायने में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, नरेश वर्मा, महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद भोली, मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी मनीष सिन्हा, गरीबन महतो, तरुण राजवंशी, राहुल चन्द्रवंशी और सूर्यनारायण गुप्ता सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबासाहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा समाज में समरसता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पण और सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# सामाजिक न्याय व समानता के प्रबल समर्थक थे डॉ अम्बेडकर : प्रो. सुनीता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताया। वे मंगलवार को नालंदा कॉलेज में डॉ अंबेडकर की 135वीं जन्म-जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने सबों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके आदर्श वाक्य "शिक्षित बनो, एकजुट हो और संघर्ष करो "आज भी हमें प्रेरित करते हैं। डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न भीमराव रामजी आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ एस. रहमान, परीक्षा नियंत्रक डॉ उपेन प्रसाद मंडल, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सर्वदमन कश्यप, अलाउद्दीन खान, जितेंद्र सिन्हा, संतोष कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के गैबी गांव स्थित ऊषा ईंट भट्ठा के पास पानी भरे गड्ढे में डूबने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहद्दीनपुर गांव निवासी रंजन रविदास के पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अंकित शौच के लिए भट्ठे के समीप गया था। इसी दौरान वह पानी भरे गड्ढे के पास पहुंचा और उसी क्रम में उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। जब अंकित काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद उसका शव उसी गड्ढे में डूबा हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही भट्ठे पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर रहुई थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के परिजन भट्ठे पर मजदूरी करते थे और बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

# बाबा अंबेडकर हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा विधि महाविद्यालय में सामाजिक समरसता के जननायक एवं भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहेब ने सामाजिक विषमताओं के खिलाफ संघर्ष कर समाज को समानता और न्याय का मार्ग दिखाया। उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है।



इस अवसर पर प्रो. मेराज अहमद, प्रो. रविन्द्र कुमार, महेश कुमार मिश्रा, आकाश कुमार, अमित रंजन, दीपक मिश्रा, पूनम कुमारी, करण सिंह, सुनी कुमार, शशि रंजन, रिंकू देवी एवं नवलेश सिंह सहित अन्य लोगों ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## डॉ. अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ।** मंगलवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को माहुरी मंडल के नजदीक स्थित महादलित विकास मिशन भवन के प्रांगण में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किरो चौधरी ने की, जबकि मुख्य रूप से समाजसेवी मसीह उद्दीन मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्य अतिथि मसीह उद्दीन ने कहा कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें अपने बच्चों को शिक्षित कर बाबा साहब के सपनों का भारत बनाना है।

# युवाओं से बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का किया आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नालंदा के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने बिहार शरीफ के आशा नगर मोहल्ले में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही जिला कार्यालय में भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि बाबा साहब का जीवन समानता, न्याय और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। उन्होंने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी, नालंदा के सभी मंडलों में भी मंडल कमेटियों के साथ बाबा साहब की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री रंजू कुमारी, एससी मोर्चा अध्यक्ष मणिकांत पासवान, सोनू कुमार हिंदू, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ललन पासवान, गोपाल कुमार, आलोक रंजन, राहुल कुमार, तेतरी देवी, रोशन कुमार यादव सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एससी मोर्चा अध्यक्ष मणिकांत पासवान द्वारा लड्डू का वितरण भी किया गया।



## संगोष्ठी कर बाबा साहब के विचारों को बताया प्रेरणास्रोत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नालंदा जिला के बिहार श्रीनगर इकाई द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर अंबेडकर छात्रावास में माल्यार्पण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभाविप नालंदा विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए बाबा साहब द्वारा किया गया संघर्ष हर पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर अपने त्याग, समर्पण, मानवतावादी दृष्टिकोण और शोषितों के उत्थान के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं।

# भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनी

## बाबा साहेब ने सभी नागरिक को मौलिक अधिकार दिया : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिले के अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और अलग-अलग संस्थाओं ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मगध क्षेत्र की आयुक्त डॉ. ए. सफीना ए.एन., जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा साहेब को नमन किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके महान विचारों, भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान और समाज के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा प्रदान कर रहे हैं। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। इसी क्रम में अंबेडकर पार्क में जिला अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के देखरेख में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुक्त डॉ. ए. सफीना ए.एन. ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने आज के समय में उनके विचारों को अपनाने और शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मजबूत किया। उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर को आज पूरे विश्व में याद किया जा रहा है। उनके विचारों को अपनाकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को आत्मसम्मान के साथ जीने की प्रेरणा दी और लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार दास, एडीएम परितोष कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रविंद्र राम, मगध परिवहन सचिव जनार्दन अग्रवाल, एडीएम सफीक अहमद, एडीएम पंकज कुमार सिंह, सिविल सर्जन राजाराम प्रसाद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार रमन सहित कई अधिकारियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सह जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार ने की जबकि संचालन डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। सभी कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूर्व डिप्टी मेयर व पार्षद ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**संविधान निर्माता बाबा साहेब का काम कभी भुलाया नहीं जा सकता**

शहर के वार्ड संख्या- 4 के क़ॉटन मिल स्थित अम्बेडकर नगर महादलित टोला में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव व पार्षद अनुपमा देवी व स्थानीय नागरिकों के संयुक्त देखरेख में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया। संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब का योगदान लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। बाबा साहेब की 135 वीं जयंती पर अम्बेडकर नगर महादलित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाबा साहब ने संविधान लिखने का कार्य किया था, निश्चित रूप से उनके इस काम को भुलाया नहीं जा सकता। यह समय होता है, जब ऐसे महापुरुषों को हमलोग याद करते हैं और आने वाली पीढियां को उनके बारे में बताते हैं। स्थानीय मोहल्ला के लोगों ने कुछ समस्याओं के बारे में हमें अवगत कराया है, हमारा प्रयास होगा कि उनकी समस्याओं का अविलंब निपटारा किया जाए. मौके पर कृष्णा दास, जय बाबू, सुरेश पासवान, मिथलेश पासवान, राजीव कुमार, मुन्ना चौधरी आदि उपस्थित थे।

## सशस्त्र सीमा बल ने बरामद किया 255 किलो डोडा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया और जिला पुलिस गया (थाना बाराचट्टी) की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित मादक पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बथिनिया, थाना बाराचट्टी, जिला गया के घने जंगलों में छापेमारी की गई। इस संयुक्त तलाशी अभियान का नेतृत्व निरीक्षक (सामान्य) प्रवीण कुमार ने किया जो वाहिनी के ई समवाय धनगई से संबंधित हैं। अभियान के दौरान टीम ने क्षेत्र में सघन खोजबीन की जिसके परिणामस्वरूप 255 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा बरामद किया गया। बरामदगी के बाद संयुक्त अभियान दल ने पूरे इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया, ताकि किसी अन्य छिपाए गए मादक पदार्थ या संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया जा सके। कार्रवाई के उपरांत जब्त किए गए डोडा को थाना बाराचट्टी, जिला गया को विधिक कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया। इस अभियान को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सुरक्षा बलों और पुलिस की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## गुरुआ में अंबेडकर जयंती पर निकली शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग हाथों में बाबा साहब की तस्वीर लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुआ बीआरसी से हुई जहां से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गुरुआ बाजार होते हुए पीरवा गांव पहुंची। वहां जलपान के बाद शोभा यात्रा पुनः गुरुआ बाजार के रास्ते करमाइन गांव पहुंची और अंत में वापस प्रखंड कार्यालय के पास शांतिपूर्ण तरीके से इसका समापन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल भी तैनात रहा जो पूरे कार्यक्रम के दौरान पीछे-पीछे चल रहा था। आयोजन का नेतृत्व शिक्षक भोला दास, मनोज पासवान और अरविंद दास ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एक सप्ताह पूर्व से ही गांव-गांव में युवाओं द्वारा जनसंपर्क कर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा था। इस संबंध में संदीप चौधरी ने बताया कि बाबा साहब ने वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वहीं भोला दास, मनोज पासवान और अरविंद दास ने उनके जीवन संघर्ष और शिक्षा को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। साहेंद्र दास और अमरेंद्र दास ने कहा कि अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के सशक्त प्रतीक भी थे। इस अवसर पर संजय चौधरी, मंटू दास, ओम प्रकाश दास, रमेश दास, राजा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## किसान मोर्चा ने किया अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

### बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और 'बाबा साहब अमर रहे' के नारों के साथ उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने की बात कही। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय इतिहास के महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने ज्ञान, संघर्ष और दूरदर्शिता से देश को नई दिशा दी। वे भारत के संविधान निर्माता के रूप में जाने जाते हैं और उन्होंने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा बाबा साहब से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित किया गया है जिससे देशवासी उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि बाबा साहब भले ही आज हमारे बीच भौतिक रूप से नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और आदर्श समाज में आज भी जीवित हैं और सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, एस. राजेश आनंद, अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता राणा रणजीत सिंह, महेश यादव एवं बबलू गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नवनिर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज भवन के समक्ष कांग्रेस पार्टी का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खिजरसराय। नीमचक बथनी अनुमंडल के खिजरसराय के नौडीहा गांव में 12 एकड़ भूमि पर निर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज में इसी सत्र जुलाई 2026 से पढ़ाई शुरू कराने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन से किया है। मंगलवार को नवनिर्मित मॉडल डिग्री कॉलेज भवन के समक्ष कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए कहा कि सन 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल में बिहार के बथानी अनुमंडल में मॉडल डिग्री बनाने हेतु 22 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था जिसके बाद जमीन उपलब्ध कराने हेतु कांग्रेस पार्टी वर्षों संघर्ष चलाने के बाद 2022 में नौडीहा गांव में जमीन सरकार द्वारा देने के बाद 2024 से निर्माण कार्य शुरू होकर अब पूरी तरह से बन कर तैयार है। प्रदर्शन में उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, खिजरसराय प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, राज नंदन दास, गौतम कुमार, टिंकू गिरी, विनोद मिश्रा, अशोक सिंह, दीपक कुमार, कृष्ण सिंह, सुबोध कुमार, शिया नंद यादव, धनंजय दास माले नेता, सत्येंद्र यादव आदि ने कहा कि मॉडल डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू होने से अनुमंडल के खिजरसराय, अतरी, बथानी, मोहरा के छात्रों को काफी सहूलियत होगी। नेताओं ने कहा कि यह मॉडल डिग्री कॉलेज जिला का बेहतरीन कॉलेज

## अंबेडकर जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के गौहरपुर पंचायत भवन में मंगलवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गौहरपुर पंचायत के मुखिया शिव कुमार चौहान के सौजन्य से किया गया जिसमें क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि परसावां पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए की गई। समारोह की अध्यक्षता मुखिया शिव कुमार चौहान ने की जबकि मंच संचालन दीपक कुमार रोशन ने सफलतापूर्वक किया। इस अवसर पर मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले पंचायत के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दिलीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम बताया है। आज के छात्र-छात्राएं उनकी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं, यह गर्व की बात है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। वहीं मुखिया शिव कुमार चौहान ने कहा कि 'गांव के मेधावी बच्चों को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलती है और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। पंचायत स्तर पर ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।' इस दौरान मैट्रिक में सुहानी कुमारी, बिट्टू कुमार तथा इंटरमीडिएट में खुशबू कुमारी और आयर्न राज को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कुल 50 छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अंबेडकर की 135वीं जयंती पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी महासंघ के कार्यालय में और अरवल प्रखंड स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण की और लोगों को बाबा साहब के आदर्श पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## गयाजी में 13 लोगों को मिला खोया मोबाइल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों के प्रति भरोसे की मिसाल पेश की है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंपा गया। आज थाना परिसर में हुए एक सादे कार्यक्रम में 13 लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस लौटाया गया। मोबाइल हाथ में आते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। बताया गया कि पूरे अभियान की कमान मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह ट्रेनी आईपीएस दीप्ति मोनाली ने संभाली। ट्रेनी आईपीएस की टीम ने तकनीक और लगातार फॉलोअप के जरिए अलग-अलग जगहों से मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए। इसके बाद सभी मोबाइल का सत्यापन कर संबंधित लोगों को बुलाया गया और उन्हें विधिवत हैंडओवर किया गया।

## कोंच में अंबेडकर जयंती पर निकला बाइक जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बहुजन महापुरुष विचार मंच (दौरमा) के बैनर तले मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। जुलूस दोपहर करीब एक बजे ग्राम दौरमा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय से प्रारंभ हुआ। जुलूस में सजे-धजे रथ के साथ सैकड़ों बाइक सवार शामिल हुए। यह जुलूस दौरमा से निकलकर अंगरा, अचूकी, अदोपुर, शीतलगढ़, गौरी बिगहा, कोराप, परशुराम मोड़, विश्वनाथपुर, घोंघीमठ, काजी बिगहा, मीठापुर, चन्दैनी, आंती बाजार होते हुए करमाइन पहुंचा और पुनः दौरमा गांव लौट आया। जुलूस के समापन के बाद दौरमा में अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आंती थाना की पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पति ध्रुवेश यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलकर समाज में भाईचारा और एकता को मजबूत करें।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना सं0**
**एस0जी0-डी0एस0ई0-ओ0टी0-09-26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है। **(1) कार्य का नाम एवं स्थान:** सेग्रीगेशन ऑफ एलवी बॉक्स फॉर रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट आूफ एमएसडीएसी फॉर 06 स्टेशन्स ईन डीडीयू डीविजन **(2) कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹5,69,23,888.11/- (पाँच करोड़ उन्हत्तर लाख तेईस हजार आठ सौ अट्ठासी रूपये एवं ग्यारह पैसे मात्र) **(3) धरोहर राशि:** ₹11,38,500/- (ग्यारह लाख अड़तीस हजार पाँच सौ रूपये मात्र) **(4) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05/05/2026 को 12.30 तक **(5) बेव साईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०
पीआर/0065/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/26-27/24

**स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार**

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट/ ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- **BCECEB/Health(SR)/2026/02** दिनांक- **14.04.2026**

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली-2008 संशोधित नियमावली 2013 एवं संशोधन नियमावली, 2026 के अंतर्गत पैनल निर्माण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है। Online आवेदन भरने की प्रक्रिया, पदों की संख्या, आवेदन शुल्क, शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा, आरक्षण इत्यादि हेतु विवरण पुस्तिका / सूचना विज्ञापन संख्या BCECEB/ Health(SR)/2026/01 दिनांक- 14.04.2026 के माध्यम से पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2. **सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति - 2026 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ :-**
(i) Online Registration Starting Date : **15.04.2026**
(ii) Online Registration Closing Date : **30.04.2026 (10.00 P.M.)**
(iii) Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **30.04.2026 (11.59 P.M.)**
(iv) Online Editing of Application : **01.05.2026 (11.59 P.M.)**
(v) Date of Publishing of Document Verification programme : **To be notified later on.**

**नोडल पदाधिकारी**

**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**
आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन सं.- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-**2026/02** दिनांक- **14.04.2026**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2026**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026**

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

1. बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026 में सम्मिलित होने एवं चयनोपरान्त नामांकन के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से विहित-प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-
   - **क.** राज्य के अभियंत्रण महाविद्यालयों अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों तथा संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के अंतर्गत B.Tech. (Dairy Technology) एवं B.Tech. (Food Technology) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु JEE (Main) परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के दो चक्रों की ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के पश्चात् रिक्त सीटों को बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा संचालित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026 के PCM Group के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर दो ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के माध्यम से भरा जायेगा। इनमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga के पाठ्यक्रम भी सम्मिलित रहेंगे। अभियन्त्र संस्थानों एवं उनके पाठ्यक्रमवार सीट की विवरणी BCECE-2026 की विवरण-पुस्तिका में देखें।
   - **ख.** **कृषि धारा :** (i) बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के स्नातक कृषि / स्नातक उद्यान / स्नातक वानिकी पाठ्यक्रमों की 50% सीटें PCM एवं PCB की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी एवं शेष 50% सीटें CBA (Chemistry, Biology & Agriculture Sc.)/ (PCA) Physics, Chemistry & Agriculture Sc. / (MBA) Mathematics, Biology & Agriculture Sc. / (MCA) Mathematics, Chemistry & Agriculture Sc. की संयुक्त मेधासूची से भरी जायेंगी। (ii) बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के स्नातक मत्स्य विज्ञान एवं B.Sc. Poultry Production की सीटें संयुक्त मेधासूची के PCB ग्रुप से भरी जायेंगी।
   - **ग.** **फार्मेसी धारा :** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बिहार के सरकारी फार्मेसी संस्थानों के डिग्री पाठ्यक्रम ।
   - **घ.** **चिकित्सा धारा :** बिहार के सरकारी संस्थानों के फिजियोथेरेपी एवं आकुपेशनल थेरेपी/ बैचलर ऑफ मेडिकल लेबोरेट्री टेकनोलोजी/ बैचलर ऑफ ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलोजी/ बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलोजी / बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री / बी.एस.सी. नर्सिंग (सरकारी / निजी) एवं अन्य समान पाठ्यक्रम ।
2. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रम्भिक तिथि **15.04.2026** और अंतिम तिथि **05.05.2026** निर्धारित है।
3. **बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026 दिनांक 30.05.2026 को चार पालियों में एवं दिनांक 31.05.2026 को एक पाली में आयोजित की जायेगी ।**
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर बी.सी.ई.सी.ई.-2026 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता/ संस्थानों / पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।

**Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/01 दिनांक 14.04.2026 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।**

**परीक्षा नियंत्रक**

संपादकीय

# मध्य प्रदेश : बैंकों का डूबता पैसा

हर महीने कर्ज पर कर्ज लेती जा रही मध्यप्रदेश सरकार के लिए चेतावनी की घंटी है कि राज्य में सरकारी योजनाओं का ज्यादातर पैसा डूबत खाते में जा रहा है। ये पैसा ज्यादा सरकारी गारंटी का है, जो विभिन्न बैंकों ने हितग्राहियों को दिया और जिसकी प्रतिपूर्ति नहीं हुई। यानी सरकारी गारंटी में बैंकों के अब तक 2100 करोड़ रू. डूब चुके हैं, जो कि एक बड़ी रकम है। मीडिया में छपी सरकार और बैंकों की 25 मार्च को जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य में मुख्यमंत्री के नाम पर चल रहीं स्वरोजगार और आवास योजनाओं की सेहत बिगड़ती जा रही है। जिन योजनाओं को युवाओं और गरीबों का सहारा बनना था, वे बैंकों का सिरदर्द बन गई हैं। सीएम ग्रामीण आवास मिशन में तो बकाया राशि का 67.9% हिस्सा एनपीए (डूबत कर्ज) हो चुका है, जो कि 1,670 करोड़ रुपए है। कुछ ऐसा ही हाल मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और सीएम स्वरोजगार योजना का भी है। यहां लक्ष्यों की प्राप्ति तो 127% दिख रही है, लेकिन वसूली के मामले में बैंक हांफने लगे हैं। इन योजनाओं में 422 करोड़ (42.9%) एनपीए की श्रेणी में जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास मिशन में पांच साल में एनपीए 21% तक बढ़ गया है। कुल मिलाकर ग्रामीण आवास व स्वरोजगार योजनाओं में ही करीब 2100 करोड़ एनपीए में हैं। चार साल में एनपीए बढ़ने का ये ट्रेंड मार्च 2022- 46.3% मार्च 2023 - 49.9% मार्च 2024 - 53.3% मार्च 2025 - 63.1% दिसंबर 2025 - 67.9% ( यह खतरनाक स्थिति का संकेत है) ग्रामीण आवास मिशन के अंतर्गत विगत 5 साल में 46% से 68% पर पहुंचा एनपीए सीएम ग्रामीण आवास में एनपीए 5 साल में 46 से 68% तक हो गया है। बैंकों के मुताबिक सरकार से हुए एक एमओयू की वजह से इन खातों को बंद करने वन टाइम सेटलमेंट भी नहीं कर पा रहे हैं। इसी तरह विमुक्त, घुमंतू और अर्धघुमंतू स्वरोजगार में सिर्फ 11.8% उपलब्धि इस वर्ग के लिए बनी योजनाओं में उपलब्धि मात्र 11.8% रही है। यानी बैंकिंग सुविधाओं का लाभ अब भी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसमें एक से 10 लाख तक लोन मिलता है। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में तो आधे आवेदन पेंडिंग इस स्कीम में पांच हजार के लक्ष्य के मुकाबले 2 हजार 743 आवेदन मंजूर हुए हैं। यह 54.8% है। इसमें अजजा को 10 हजार से एक लाख तक कर्ज 7% ब्याज अनुदान पर मिलता है। जन-धन खाते 'धन' से भरे मप्र में मार्च 2026 तक 4.66 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं। वर्ष 2015 में यह संख्या मात्र 1.19 करोड़ थी। इनमें रू. 18,318 करोड़ रुपए जमा हैं। यानी हर खाते में औसत बैलेंस रू. 3,931 है, जो 2015 के रू. 445 के मुकाबले काफी ज्यादा है। मध्यप्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में 61% खाते हैं। इसमें भी महिलाएं 55% के साथ पुरुषों से आगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में जीरो बैलेंस वाले खातों की संख्या आधी हो गई है। दस साल पहले 86 लाख थे, अब 43 लाख हैं। सर्वाधिक 17.8 लाख खाते सागर में हैं, जहां रू. 680.9 करोड़ जमा। सिंगरौली (1.73 लाख), डिंडोरी (1.56 लाख) और बुरहानपुर (1.53 लाख) जैसे जिलों में भी खातों की संख्या में प्रगति दर्ज की गई है। रिपोर्ट का सकारात्मक संकेत यह है कि प्रदेश में पुरुषों और कंपनियों के मुकाबले ग्रामीण महिलाएं कर्ज चुकाने में सबसे ईमानदार हैं। इन्हें 3,570 करोड़ रू. के वितरण के बाद भी महिला स्व सहायता समूहों का एनपीए मात्र 2.4% है। सरकारी योजनाओं का सारा बोझ केवल सरकारी बैंकों पर है। जहां सरकारी बैंक लक्ष्यों से 300% ऊपर काम कर रहे हैं। जबकि निजी बैंक इसके प्रति बेपरवाह हैं।

# बारूद बनाम भोजन: क्या युद्ध भूख को जन्म देगा?

**विश्व इतिहास में युद्ध केवल सीमाओं को नहीं बदलते, वे मनुष्यता के सबसे बुनियादी प्रश्न भोजन को भी झकझोर देते हैं। जब भी मध्य-पूर्व की धरती पर बारूद की गंध फैलती है, तब दुनिया के कोनों में बैठे करोड़ों लोग अनायास ही यह सोचने लगते हैं कि कहीं यह संघर्ष उनकी थाली तक तो नहीं पहुँच जाएगा। हालिया खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव और संभावित युद्ध की आशंकाओं ने वैश्विक खाद्य संकट की चर्चा को हवा दी है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में यह भय निकट भविष्य की वास्तविकता है, या फिर यह आशंका अधिकतर मनोवैज्ञानिक है? दरअसल, खाड़ी क्षेत्र का वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक अनोखा स्थान है। यहाँ की धरती तेल और प्राकृतिक गैस से समृद्ध है, और यही ऊर्जा स्रोत दुनिया के औद्योगिक ढांचे को गति देते हैं।**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



एक पुरानी कहावत है कि 'मध्य-पूर्व हाइड्रोकार्बन बेचकर कार्बोहाइड्रेट खरीदता है।' इसका आशय यह है कि ये देश ऊर्जा निर्यात करके खाद्य पदार्थ आयात करते हैं। परंतु इस समीकरण का एक दूसरा पहलू भी है, उर्वरकों का उत्पादन। नाइट्रोजन आधारित उर्वरक, जिनके बिना आधुनिक कृषि की कल्पना अधूरी है, बड़े पैमाने पर प्राकृतिक गैस से बनते हैं, और खाड़ी क्षेत्र इसका एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

यहीं से चिंता की पहली लहर उठती है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध होता है, विशेषकर ईरान और उसके आसपास के समुद्री मार्गों जैसे होर्मुज़ जलडमरूमध्य में व्यवधान आता है, तो ऊर्जा आपूर्ति बाधित हो सकती है। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि सीधे उर्वरकों के उत्पादन को प्रभावित करती है, क्योंकि गैस उनके निर्माण का मुख्य कच्चा माल है। यदि उर्वरक महंगे या दुर्लभ हो जाते हैं, तो किसानों के लिए उत्पादन लागत बढ़ेगी, जिससे भविष्य की फसलों पर असर पड़ सकता है। लेकिन यह पूरा परिदृश्य जितना भयावह प्रतीत होता है, उतना तत्कालिक नहीं है। वर्तमान में वैश्विक खाद्य बाजार अपेक्षाकृत स्थिर है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि दुनिया के पास अभी पर्याप्त खाद्य भंडार मौजूद हैं। गेहूं, चावल और मक्का जैसी प्रमुख फसलों के स्टॉक पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। यह भंडारण किसी संकट के समय एक ढाल का कार्य करता है, जिससे अचानक आपूर्ति में कमी होने पर भी बाजार पूरी तरह चरमराता नहीं। यदि हम हाल के इतिहास की ओर देखें, तो रूस-यूक्रेन युद्ध इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। उस समय दुनिया को वास्तव में खाद्य संकट की आशंका का सामना करना पड़ा था, क्योंकि रूस और यूक्रेन मिलकर वैश्विक गेहूं और अन्य अनाजों का बड़ा हिस्सा निर्यात करते थे। युद्ध ने न केवल उत्पादन को प्रभावित किया, बल्कि बंदरगाहों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी बाधित कर दिया। परिणामस्वरूप, कीमतों में भारी उछाल आया और कई देशों को खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा

परंतु वर्तमान खाड़ी संकट उस स्थिति से भिन्न है। यहाँ युद्ध यदि होता भी है, तो उसका प्रभाव अधिकतर ऊर्जा बाजार तक सीमित रहने की संभावना है, न कि सीधे कृषि उत्पादन केंद्रों पर। खेतों में खड़े फसलें बमबारी की चपेट में नहीं हैं, और न ही अनाज के विशाल भंडार युद्धभूमि में तब्दील हो रहे हैं। इसीलिए खाद्य संकट की आशंका फिलहाल दूर की कौड़ी प्रतीत होती है।

फिर भी, उर्वरकों का प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है। नाइट्रोजन, फॉस्फेट और पोटाश, ये तीनों कृषि के आधार स्तंभ हैं। इनमें से नाइट्रोजन का उत्पादन सबसे अधिक ऊर्जा-निर्भर है। यदि गैस की कीमतें बढ़ती हैं, तो उर्वरकों की कीमतें भी आसमान छूने लगती हैं। पहले भी ऐसा हो चुका है जब उर्वरकों के दाम अचानक कई गुना बढ़ गए थे, जिससे किसानों को अपनी लागत कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन कृषि एक धीमी प्रक्रिया है; इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखता। यदि आज उर्वरकों की कमी होती है, तो उसका असर अगली फसल में दिखेगा, वह भी धीरे-धीरे। इसके अलावा, किसान पूरी तरह उर्वरकों का उपयोग बंद नहीं कर देते, बल्कि उनकी मात्रा कम कर देते हैं। इससे उत्पादन में गिरावट आती है, परंतु यह गिरावट अचानक और विनाशकारी नहीं होती।

इसके साथ ही यह भी ध्यान देने योग्य है कि आधुनिक कृषि केवल नाइट्रोजन पर निर्भर नहीं है। फॉस्फेट और पोटाश भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, और इनकी आपूर्ति विभिन्न देशों में फैली हुई है। हालांकि, रूस और बेलारूस जैसे देश पोटाश के बड़े निर्यातक हैं, और किसी भी वैश्विक तनाव का असर इनके निर्यात पर पड़ सकता है, जिससे कीमतों में उछाल आता है। इसके बावजूद, एक दिलचस्प तथ्य यह है कि एशिया और विशेषकर भारत तथा चीन जैसे देशों में उर्वरकों पर भारी सब्सिडी दी जाती है। इसका अर्थ यह है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि का सीधा बोझ किसानों पर नहीं पड़ता, बल्कि सरकारें उसे वहन करती हैं। इस व्यवस्था के कारण खाद्य उत्पादन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है, और आम जनता को महंगाई का झटका कम लगता है।

खाद्य संकट के संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण पहलू है- भंडारण और वितरण प्रणाली। आज की दुनिया 2007-08 के खाद्य संकट की तुलना में कहीं अधिक तैयार है। उस समय वैश्विक भंडार न्यूनतम स्तर पर थे, और अचानक आई कीमतों की लहर ने कई देशों में दंगे तक भड़का दिए थे। आज स्थिति भिन्न है। देशों ने अपने भंडारण को मजबूत किया है, और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक लचीला बनाया है। फिर भी, खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष लंबा खिंचता है और ऊर्जा की कीमतें लगातार बढ़ती रहती हैं, तो इसका असर धीरे-धीरे कृषि पर पड़ेगा। उत्पादन लागत बढ़ेगी, परिवहन महंगा होगा, और अंततः उपभोक्ता कीमतों में वृद्धि होगी। यह प्रक्रिया धीमी होगी, परंतु स्थायी हो सकती है।

इस पूरे परिदृश्य में एक गहरी मानवीय सच्चाई भी छिपी है। भोजन केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब भी युद्ध होता है, सबसे पहले और सबसे अधिक असर गरीब और कमजोर वर्गों पर पड़ता है। विकसित देशों के पास भंडार और संसाधन होते हैं, परंतु विकासशील देशों में हर छोटी कीमत वृद्धि भी लाखों लोगों की थाली से रोटी छीन सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम केवल वर्तमान की स्थिति को देखकर संतुष्ट न हो जाएं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं के प्रति भी सजग रहें। सरकारों को चाहिए कि वे अपने खाद्य भंडार को मजबूत रखें, उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करें, और किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करें। अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा एक वैश्विक मुद्दा है, न कि किसी एक देश का।

खाड़ी युद्ध और वैश्विक खाद्य संकट के बीच संबंध एक जटिल और बहुआयामी विषय है। यह संबंध सीधा और तात्कालिक नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष और दीर्घकालिक है। वर्तमान परिस्थितियों में यह कहना उचित होगा कि दुनिया अभी किसी बड़े खाद्य संकट के कगार पर नहीं खड़ी है। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि यदि हम सतर्क नहीं रहे, तो यह स्थिति बदलने में देर नहीं लगेगी। युद्ध की आहट भले ही दूर कहीं गूंज रही हो, लेकिन उसकी प्रतिध्वनि हमारी थालियों तक पहुँच सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम भय और वास्तविकता के बीच संतुलन बनाए रखें, और भविष्य की चुनौतियों के लिए आज ही तैयार हो जाएं। यही विवेक, यही दूरदर्शिता, हमें संभावित संकट से बचा सकती है और यह सुनिश्चित कर सकती है कि दुनिया के किसी भी कोने में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए।

अध्यात्म

## जो सही समय पर सही अवसर पहचान लेते हैं, वे जरूर सफल होते है

पुराने समय में एक व्यक्ति दिन-रात भगवान के मंत्रों का जाप करता और पूजा-पाठ में लगे रहता था। वह भगवान पर बहुत ज्यादा भरोसा करता था।

एक दिन उसके गांव में बहुत तेज बारिश हुई तो पास नदी में पानी बहुत ज्यादा बढ़ गया। बाढ़ देखकर गांव के लोग सुरक्षित स्थान पर जाने के निकलने लगे। उस समय भक्त ने सोचा कि जब तक भगवान खुद मुझे बचाने नहीं आएंगे मैं ये गांव छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा।

गांव के कुछ लोग उसके पास पहुंचे और उस भक्त से कहा कि आप भी हमारे साथ चलिए। ये गांव बहुत जल्दी डूब जाएगा। हमें तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचना होगा।

भक्त ने लोगों से कह दिया कि मुझे भगवान पर भरोसा है, वे अपने भक्त को कुछ नहीं होने देंगे। वे स्वयं मुझे बचाने आएंगे।

लोग उसकी बात सुनकर आगे बढ़ गए। कुछ देर बाद नदी का पानी उसके घर तक पहुंच गया। तभी एक व्यक्ति नाव लेकर उसके पास पहुंचा। उसने भी भक्त को साथ चलने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना और भगवान के आने का इंतजार करने लगा।

कुछ समय बाद पानी और ज्यादा बढ़ गया। तभी उसे एक बड़े पेड़ का तना बहता हुआ दिखाई दिया, लेकिन उसने उस तने की मदद से भी जान बचाने की कोशिश नहीं की।

अब वह भगवान के मंत्रों का जाप करने लगा और डरने लगा। वह भगवान को याद करते हुए बार-बार बोल रहा था कि भगवान अपने भक्त को बचा लीजिए। मैं आपका भक्त हूं, लेकिन आप मुझे बचाने के लिए नहीं आ रहे हैं।

तभी आकाशवाणी हुई। भगवान ने उससे कहा कि मैंने तुम्हें बचाने की तीन बार कोशिश की है। मैंने ही सबसे पहले गांव के लोगों को तुझे बचाने के लिए भेजा था, इसके बाद एक नाव वाला बनकर मैं खुद आया, इसके बाद मैंने पेड़ का बड़ा तना भी तेरे पास भेजा, लेकिन तूने अपनी मूर्खता की वजह से इन अवसरों का उपयोग नहीं किया।

### सीख

जो लोग सही समय पर सही अवसरों का उपयोग नहीं कर पाते हैं, वे परेशानियों से कभी भी बाहर नहीं निकल पाते हैं। इसीलिए अवसरों को पहचानें और सही फैसला कर लेना चाहिए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023, भारतीय लोकतंत्र का एक स्वर्णिम अध्याय



किरण घई सिन्हा

**आओ,**
**उजालों की**
**एक और फसल काटें,**
**जो अंधेरों में घिरे अब तक,**
**उनके हिस्से में**
**थोड़ा और सूरज बांटे........**

कुछ इसी भाव के साथ नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी को एक चिर प्रतीक्षित सौगात देकर सामाजिक न्याय की अपनी प्रतिबद्धता और दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय दिया है। संसद के नये भवन में प्रवेश करते ही, कई वर्षों से अटके हुए महिला आरक्षण विधेयक को मात्र दो दिनों यानि 20 और 21 सितंबर 2023 के राज्यसभा और लोकसभा, दोनों सदनों से पारित करवा कर भारत के लोकतंत्र में समावेशी राजनीति का एक नया और चिरवांछित आयाम जोड़ा गया है।

इस अधिनियम से अब महिलाओं को लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त हो सकेगा और वे शीर्षस्तरीय निर्णय प्रक्रिया में सीधे भाग ले सकेंगी। इस तरह नीति नियामक की भूमिका में एक बदलते, बढ़ते और निरंतर तेजी से विकास की सीढ़ियां चढ़ते नए भारत के निर्माण में वे अपनी प्रतिभा, क्षमता, दक्षता और ऊर्जा का महत्वपूर्ण अवदान दे पाएंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की सामाजिक समानता और समावेशी राजनीति की दिशा में एक ठोस और ऐतिहासिक पहल है जिससे संविधान में व्यक्त समानता की मूल भावना की भी प्रतिपूर्ति होती है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को और अधिक सुदृढता और सार्थकता प्रदान करने वाला स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा।

देश के सर्वांगीण और संतुलित विकास में आधी आबादी के समावेशन का संकल्प इस सरकार की दृष्टि एवं संवेदनशीलता का परिणाम है। महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के महत्व को समझते हुए इस सरकार ने उनके जीवन स्तर के उन्नयन के साथ उनकी सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं जिनसे आज करोड़ों महिलायें लाभान्वित हो रही हैं और अब इस अधिनियम के लागू होने पर महिलायें लाभार्थी की भूमिका से आगे बढ़कर नीति निर्माण में अपना सशक्त योगदान दे पायेंगी।

प्रधानमंत्री बनते ही श्री नरेंद्र मोदी ने बेटी पढ़ाओ का नारा देकर सामाजिक विषमता के आयामों को राजनीतिक एजेंडा से जोड़कर समाज के मन-मिजाज को बदलने की दिशा में एक सार्थक पहल की थी। शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय और परिणामदायी कार्य किए गए हैं जिनके प्रतिफल भी सामने आ रहे हैं। इन प्रयासों से जहां माध्यमिक स्तर पर शिक्षा में बालिकाओं के नामांकन की दर 80.2 प्रतिशत तक पहुंची हैं, वहीं मातृ मृत्यु दर में भी पर्याप्त कमी आयी है और लिंगानुपात में भी महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं ने महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महती भूमिका निभायी है किंतु हर सामाजिक और नारी-विमर्श में यह बात उभर कर आती रही है कि बेहतर और समतमूलक समाज का लक्ष्य तब तक प्राप्त नहीं हो सकता जब तक महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में यथोचित भागीदारी न दी जाए।



इतिहास साक्षी है कि जब-जब देश को जरूरत पड़ी है, नारी शक्ति सामने आयी है। आज जीवन के हर क्षेत्र में महिलायें पूरी विश्वसनीयता के साथ अपनी सिद्धता प्रमाणित कर रही है। घर परिवार से लेकर, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, तकनीक, विज्ञान, उद्योग-व्यवसाय, कला संस्कृति, कृषि और खेल ही नहीं, पुलिस और सैन्यबल के माध्यम से देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा में निर्भयता और साहस की मिसालें प्रस्तुत कर रही हैं। धरती से लेकर सागर की अतल गहराइयों और अंतरिक्ष की अनबूझ अजानी ऊंचाइयों तक कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है जहां वे अपनी योग्यता और सफलताओं के परचम न लहरा रही हों। राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी बढ़ती भागीदारी के साथ, देश के लगभग 21 राज्यों में पंचायती, राज तथा नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण पाकर महिलायें बुनियादी समस्याओं की समझ तथा संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए, जमीनी लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में बेमिसाल भूमिका निभा रही हैं। वास्तव में पंचायती राज में मिले आरक्षण ने महिला नेतृत्व के विकास के लिए, एक समृद्ध पौधशाला तैयार की है। महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरुकता के परिणाम स्वरूप आज वे स्वयं के स्वतंत्र निर्णय लेते हुए पूरी सूझ-बूझ के साथ, बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही है। विगत कई चुनावों में सजग मतदाता के रूप में महिला मतदान के बढ़ते प्रतिशत ने सरकारों के गठन में नारी-शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका का एहसास कराया है। अब यदि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो निश्चित रूप से राजनीति में अधिक सौम्यता, संवेदनशीलता और शालीनता तो आएगी ही, शासन अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी भी बनेगा।

अब समय आ गया है कि इस अधिनियम को लागू करने वाली विधायी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। इसके क्रियान्वयन के लिए विपक्ष द्वारा उछाले गए तमाम प्रश्नों और आशंकाओं को खारिज कर उनकी भावनाओं का भी सम्मान करते हुए विस्तृत चर्चा के उपरांत इस अधिनियम को पारित करने के लिए सरकार द्वारा 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र आहूत किया गया है। भावी भारत के अधिक प्रतिनिधिक, संतुलित और जीवंत लोकतंत्र के निर्माण में यह अधिनियम अहम भूमिका निभाएगा। अब यह संसद की जिम्मेवारी है कि देश की आधी आबादी के अधिकार और सामाजिक न्याय में विश्वास रखने वाली जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उसी गरिमा के साथ सर्वसम्मति से इसे पारित किया जाये जिस प्रकार 2023 में सबने इसका समर्थन किया था। भारत प्रतीक्षा में है। (लेखिका बिहार विधान पार्षद और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुकी हैं)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिमाग जैसे नए-नए आइडियाज की फैक्ट्री बन गया है, हर पल कुछ नया सोचने और उसे करने का जुनून रहेगा। काम का बोझ बढ़ेगा।

**वृषभ**
खर्चों पर कंट्रोल रखेंगे तो मन भी हल्का रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आपकी मेहनत का तरीका बॉस को प्रभावित करेगा।

**मिथुन**
आज किस्मत आपके साथ है। सामाजिक कार्यों में आपकी पहचान बढ़ेगी और बड़े लोगों से मिलने का मौका भी मिल सकता है।

**कर्क**
आज आप ऊर्जा से भरपूर नजर आएंगे और आपकी समझदारी हर काम को आसान बना देगी। भगवान की भक्ति में मन लगेगा और दिल को सुकून मिलेगा।

**सिंह**
आज आपका आत्मविश्वास आसमान छूता नजर आएगा, खासकर बिजनेस में आपकी योजनाएं आपको शानदार लाभ दिला सकती हैं।

**कन्या**
आज निवेश से जुड़े फैसले आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। काम के सिलसिले में यात्रा भी करनी पड़ सकती है, जो आगे चलकर लाभ देगी।

**तुला**
आज आर्थिक स्थिति मजबूत होती नजर आएगी और व्यापार में नई साझेदारी का रास्ता खुल सकता है। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए दरवाजे खुलेंगे।

**वृश्चिक**
उन्नति की राह पर आप तेजी से आगे बढ़ेंगे और धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। आपने जो वादे किए हैं, उन्हें निभाने का समय आ गया है।

**धनु**
आज काम के क्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा । बिजनेस में आपकी मेहनत रंग लाएगी और जीवनसाथी को दी गई सलाह उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**मकर**
आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है, क्योंकि जल्दबाजी आपको परेशानी में डाल सकती है। बिजनेस में बदलाव करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है।

**कुंभ**
आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपको अपने भावनाओं पर काबू रखना होगा। किस्मत आपका साथ देगी, लेकिन आलस्य आपको पीछे खींच सकता है।

**मीन**
आज सेहत आपका पूरा साथ देगी और पुरानी समस्याओं से राहत मिलेगी। हालांकि कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ में रग्बी खिलाड़ी के साथ मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय खेल मैदान में रग्बी फुटबॉल की प्रेक्टिस कर घर वापस लौट रहे 20 वर्षीय रितु कुमार को घर के पास ही कुछ बदमाशों ने घात लगाकर जमकर पिटाई कर दी । पत्थर से उसका माथा फोड़ दिया। घटना के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा घायल खिलाड़ी को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित खिलाड़ी ने इसकी लिखित शिकायत थाने में की है।

### विधायक ने किया विद्यालय समिति बैठक का उद्घाटन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के शहरी गांव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को आयोजित विद्यालय प्रबंध समिति के गठन सह सम्मान समारोह एवं स्वच्छता अभियान का उद्घाटन स्थानीय विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने किया। इस दौरान शिक्षा, अनुशासन एवं विद्यालय के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में बीपीआरओ अमित कुमार, मृत्युंजय कुमार सिंह, मुखिया जोगी सिंह, उमेश सिंह, रणवीर सिंह, उपेंद्र सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेताओं ने मनाई अंबेडकर जयंती

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को नगर परिषद के मीरा चक मोहल्ले में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के नेतृत्व में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। वही शेरपुर, दरवेशपुर व माधोपुर



गांव में भी भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। लोगों ने भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया गया। भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का मौजूद लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर युवा नेता प्रशांत निराला, राजकुमार शर्मा, शशांक शर्मा, कन्हैया मालाकार, चंद्रभूषण पांडे, शशि भूषण, पिंटू कुमार, कुणाल कुमार, धीरज कुमार, भारत भूषण पांडे, सुजीत मोची, राजकुमार चौधरी राजनाथ मोची मनोज राम अनोज आजाद, योगेंद्र सिंह सोहराय चौधरी दिलीप चौधरी आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बाढ़ में नहीं रूक रही चेन पुलिंग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का जंजीर खींचकर ट्रेन को रोकने का सिलसिला रोकने का नाम नहीं ले रहा है मंगलवार की सुबह 15631 बीकानेर गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन बार रेलवे स्टेशन से थ्रू गुजारनी थी लेकिन असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा ट्रेन का जंजीर खींच दिया गया। जिसके चलते ट्रेन सुबह करीब 10 से 15 मिनट प्लेटफार्म संख्या दो पर रुकी रही इस दौरान यात्री परेशांत है सुबह 5:15 में ट्रेन बख्तियारपुर से खुलने के बाद मोकामा 6:27 में पहुंची करीब 45 किलोमीटर का सफर ट्रेन को सवा घंटा पूरा करने में लग गया। इस दौरान रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवान दोषी को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए स्थानीय यात्रियों ने बताया कि घटना घट जाने के बाद लोग निर्दोष लोगों को पकड़ कर कागजी प्रक्रिया पूरा करते हैं।

### बाढ़ स्टेशन पर एडीआरएम का औचक निरीक्षण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल रेल के एडीआरएम राजीव कुमार मंगलवार की सुबह 11:00 बजे के आसपास अपने सुरक्षित ट्रेन से बाढ़ रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान बाढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर लगने वाले अवैध दुकान को रेल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने पूर्व में हटा दिया था। लिहाजा रेलवे स्टेशन के बाहर अधिकारी को सब कुछ देखने से सामान्य लगा। वहीं भारत अमृत महोत्सव योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य के बारे में भी जानकारी ली। स्टेशन का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चलने के चलते अधिकारी ने पूछताछ किया जबकि टिकट काउंटर पर मनमानी तरीके से रिजर्वेशन टिकट में धांधली की बातें यात्री व्यक्तिगत रूप से अधिकारी को बताने का प्रयास किया लेकिन अधिकारी तक लोगों को पहुंचने नहीं दिया।बताते चले थे बाढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की गोड किल्लत है ना तो यात्रियों को पेयजल मिल पाता है और ना ही प्रसाधन की सुविधा है। अधिकारी साल में कई बार विकसित करने आते हैं लेकिन मूल समस्या के प्रति कोई सकारात्मक सुधार नहीं हो पाती है।

### दूषित पानी पीकर लोग हो रहे बीमार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के सदर बाजार इलाके के वार्ड संख्या 20 में सप्लाई वाटर से सीधा नाली का पानी घर तक पहुंच रहा है। हालत यह है कि नल से गिरने वाले पानी से बदबू आती है। इतना ही नहीं लोग पीना तो क्या उसे स्नान भी नहीं कर पा रहे हैं जिसके चलते इलाके में पेयजल की काफी समस्या बढ़ गई है। बालीपुर मोहल्ला में कई घरों में काला पानी गिर रहा है लोग इसकी शिकायत लेकर जब मकसूद बीघा स्थित पानी टंकी कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते हैं तो वहां कोई अधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाती है। बाढ़ में विभाग के पदाधिकारी को रहने के लिए क्वार्टर भी बनाए गए हैं लेकिन लोग रहते नहीं है जिसके चलते पानी की व्यवस्था बाढ़ में पूरी तरह से गड़बड़ हो गई है। मंगलवार के दिन लोग बोतल में पानी बंद करके कार्यालय से शिकायत करने पहुंचे लेकिन अधिकारी से मुलाकात नहीं हो पाई।

### भगवानगंज के करवा में दो भैंसों की चोरी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र में एक बार फिर से मवेशी चोर का आतंक फैल गया है, जिससे मवेशी पालकों के बीच हड़कंप मची हैं। ऐसे में बीते सोमवार की देर रात को करवा गांव में दो भैंस और एक भैंस का बच्चा को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। जिसमें मंतोष राम पिता रामईशवर राम का एक भैंस और विनोद भगत पिता जौधी भगत का एक भैंस और एक भैंस का बच्चा को चोरी कर लिया गया है। पीड़ित मवेशी पलकों ने बताया की तकरीबन 12:00 बजे रात के आसपास गांव में एक घंटे के लिए बिजली कटी थी उसी दरमियान मवेशी चोर आकर हमारे घर के बाहर बंधे हुए मवेशी को चोरी कर लिया है। इसके अलावा मवेशी पालकों ने बताया की एक दिन पहले नट के रूप में कुछ लोग गांव में घूम रहे थे और उसी के अगले रात में मवेशी की चोरी हो गई है। हालांकि जब आसपास पता किया तो कुर्था के पास मंगराहाट के पास वही आदमी जो पूरे गांव में घूम रहा था देख पाया गया, 10 महीना पहले भी करवा गांव में इसी तरह की नट के रूप में घूमे थे और अगले दिन जहां मवेशी चोरी हुई है,इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी है।

### पैक्स चुंनावः मतदाता सूची विवाद में नदौल पैक्स का चुनाव अगले आदेश तक स्थगित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 20 अप्रैल को पैक्स का चुनाव होना था ऐसे में चुनाव होने के महज 5 दिन पहले मसौढी प्रखंड के नदौल पैक्स का चुनाव अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 681 दिनांक 18.03.2026 के अनुलग्नक 1 के क्रमांक 110 पर अंकित नदौल पैक्स, प्रखंड मसौढी, जिला पटना का निर्वाचन कार्यक्रम "मतदाता सूची विवाद" के कारण अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है,इसके अलावा निर्वाचन कार्यक्रम स्थगित की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी अभ्यर्थियों को पत्र के माध्यम से दी जाएगी और इसका प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। गौरतलब है की नदौल पैक्स के चुनाव को लेकर तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन कराया था,जिसमें राजेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार और अंजली कुमारी थे,जिसमे स्क्रूटनी के दौरान धर्मेंद्र कुमार का नामकंन रद्द कर दिया गया था,जहाँ बैंक का शेयर मनी एवं अन्य त्रुटि को दिखाते हुए नामकंन रद्द कर दिया गया था लेकिन मतदान के महज पांच दिन पहले ही चुंनाव अगले आदेश तक चुनाव अगले स्थगित कर दिया गया है।

### ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर रुपया निकासी कर गबन करने का लगाया आरोप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तिनेरी मठ गांव के रहने वाली कमला देवी उम्र 60 वर्ष पति अवधेश यादव ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा के नीचे एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर खाता से गलत ढंग से रुपया निकासी कर गबन करने का आरोप लगाते हुए मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।पिडित महिला कमला देवी के दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब हम अपने खाते से दिनांक 6.4.2026 को रुपया निकासी करने बैंक में आई और पर्ची भरकर जैसे ही काउंटर गए तो वहां खाता में रुपया नहीं रहने की बात बताई गई ,जब मैं प्रबंधक के पास गए और खाता का स्टेटमेंट निकलवाए तो दिनांक 1,4.2026 से 6 4.2026 तक का स्टेटमेंट निकले और देखकर बोले कि आपका खाता से कोई फ्रॉड कर रुपया अवैध रूप से निकासी कर लिया है। वह रकम बारी-बारी से 10 ₹10 हजार कर कुल रुपया पचासी हजार का निकासी कर लिया गया है।

# जय भीम के नारों से गूंजा मसौढी, जयंती पर याद किये गये बाबा साहब

**शोभायात्रा में सड़कों पर उतरा जन सैलाब**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के दाउदपुर में मंगलवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। जहां शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय की सड़कों पर नीले रंग का झंडा लहराता रहा। इस दौरान जय भीम के नारे से पूरा इलाका गूंजता रहा। इस अवसर पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी वार्ड पार्षद शंभू सिंह, एवं कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र कुमार रंगकर्मी समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।मौका था देशरत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर विचार मंच द्वारा आयोजित जयंती समारोह का। मसौढी में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर भीम सेना के कार्यकताओं ने शोभा यात्रा निकाली। गाजे-बाजे तथा बाबा साहब के चित्र के साथ निकली शोभा यात्रा शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होकर गुजरी। इस दौरान जय भीम के नारे गूंजते रहे। भीम सेना के कार्यकर्ता शोभायात्रा में साउंड बाक्स पर बज रहे गीतों पर थिरके रहे।गौरतलब है की दाउदपुर डॉ भीम राव अंबेडकर कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये गये,जहाँ बाबा साहब की प्रतिमा पर अनुयायियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान "जय भीम" और "बाबा साहब अमर रहें" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मजबूत आधार प्रदान किया।इस अवसर पर बाबा साहब के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक संस्मरण सुनाए गए। स्थानीय ने डॉ. अंबेडकर के जीवन को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में शिक्षा, समानता और भाईचारे को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## धनरूआ के सांडा पंचायत सरकार भवन में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर धनरूआ प्रखंड के सांडा पंचायत के पंचायत सरकार भवन में मुखिया सविता कुमारी की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, इस मौके पर कई समाजसेवी शामिल हुए, इस मौके पर मैट्रिक इंटर परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को उन्हें प्रशस्ति पत्र मेडल, बुक सेट, पेंसिल के



साथ-साथ एक साल का कोचिंग फीस एवं बुक सेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष वेद प्रकाश, सुनील कुमार चौधरी उर्फ डब्ल्यू, शिक्षक पंकज कुमार, राजीव कुमार भुनेश्वर प्रसाद अरुण चौधरी राकेश कुमार आदी शामिल रहे। मुखिया सविता कुमारी ने बताया कि हमारे पंचायत के बच्चों ने इस बार मैट्रिक और इंटर परीक्षा में काफी अच्छा परफॉर्मेंस रहा है,ऐसे में बाबा साहब के जयंती पर हम सभी 50 छात्र छात्राओं को उन्हें हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए उन्हें सम्मानित किए हैं, बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनो संगठित बनो जब तक आप शिक्षित नहीं बनियेगा तो आप अपने समाज में अपने समाज के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं एक रोटी कम खाइए लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाइए, यही हम पूरे सांडा पंचायत के वासियों से अपील करते हैं। वही कार्यक्रम संयोजक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष अपनी पंचायत सरकार भवन में मैट्रिक इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं को उन्हें सम्मानित करते हैं इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव मनाते हुए 350 से अधिक नंबर लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है।

## जयंती पर बाबा साहब अंबेडकर को श्रद्धा सुमन निवेदित

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के ग्रामीण पुस्तकालय, सरथुआ के परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 जयंती पर ग्रामीण बुद्धिजीवियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।इस कार्यक्रम में शिक्षक पप्पू कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण में



उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का अद्भुत उदाहरण है। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल प्रेमी,बमशंकर कुमार ने कहा कि वे जीवन पर्यन्त समाज के पिछड़े, बंचितों, और निचले पायदान पर रहने वालों की बेहतरी के लिए प्रयासरत रहे। उनके विचार आज भी युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। मौके पर, विमलेश कुमार,डॉ मिथिलेश, अभय कुमार सिंह,शिशुपाल कुमार, राकेश कुमार, ई. उदयशंकर सिंह, अजय कुमार,सोनी शर्मा, लखनदेव प्रसाद व दर्जनों अन्य मौजूद रहे।

## पालीगंज में ज्ञान दिवस पर मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर के पुस्तकालय सभागार में मंगलवार को मंदिर विकास



एवं निगरानी समिति के तत्वावधान में ज्ञान दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के सचिव डॉ. ज्ञान प्रकाश गुप्त ने की, जबकि संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजकिशोर सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष सतीश चन्द्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय समाज को संविधान के रूप में अमूल्य धरोहर प्रदान की। संविधान के माध्यम से उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और अधिकार दिलाने का कार्य किया। समाज कल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में पालीगंज नगर पंचायत की उपाध्यक्ष रजनी देवी, दिलीप कुमार खत्री, चन्द्रसेन वर्मा, विकास आर्या, अनिल आजाद, जीतेन्द्र कुमार राम, विनय कुमार, नौलेश कुमार, उमेश सिंह, चन्द्रेश नारायण, दुर्गेश नारायण और संदीप गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## चाऊमीन खाने की बात को लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में पुरुषोत्तम कुमार नामक युवक के साथ चाऊमीन खाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद गांव के ही पांच युवक के साथ हुआ। उसके बाद पुरुषोत्तम कुमार अपने घर आ गए उसने बताया कि बीते देर रात उनके मोबाइल पर फोन आया पुरुषोत्तम कुमार द्वारा फोन नहीं उठाया गया उसके बाद पांचो युवक ने गांव में कई जगह उन्हें खोजा नहीं मिलने के बाद उनके घर पर आकर अंधाधुंध फायरिंग किया गया। लगभग 20 राउंड फायरिंग होने की बात कही जा रही है जिसमें कई गोली उनके खिड़की और दीवार में लगा है। गोली का रिटर्निंग उनके पिताजी के शरीर पर लगा जिससे कई जगह छिल गया और वह बाल बाल बच गए वही पुरुषोत्तम कुमार अपने गेहूं की दमाही करवा रहे थे। उनका कहना है कि उन लोगों के साथ पूर्व से कोई विवाद नहीं था चाऊमीन खाने को लेकर मामूली विवाद हुआ और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया।

## शेखपुरा में पूर्व विधायक ने किया बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के बेहरावां पंचायत के शेखपुरा गांव में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा और पुस्तकालय का विद्विवत रूप से पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने उद्घाटन किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया जयप्रकाश पासवान ने की इस अवसर पर भाकपा माले पटना जिला सचिव कमरेड,अमर,राकेश मांझी, साधु शरण प्रसाद ,आनंदी पासवान ,पूर्व मुखिया मदन पासवान ,वर्तमान मुखिया सतेंद्र रविदास, पार्टी नेता हरेंद्र रविदास ,पार्टी नेता जोगेंद्र केवट , राष्ट्रीय जनता दल के नेता अवधेश भारती ,विजय मांझी, अजय मांझी, राकेश मांझी सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा की बाबा साहब सामाजिक न्याय शिक्षा और





बराबरी का अलख जगाने का काम किए थे। बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री और संविधान के जनक थे, जिन्होंने संविधान बना कर समता मूलक समाज और बराबरी का अधिकार दिया देश में आज ऐसी सरकार बनी है जो बाबा साहेब के संविधान को बदलकर मनुस्मृति को संविधान बनाना चाहता है उन्होंने कहा कि मनुस्मृति वर्ण वाद पर आधारित है जबकि बाबा साहेब का संविधान समता समाज पर आधारित है । नेताओं ने कहा कि शेखपुरा ग्राम में बाबा साहेब अंबेडकर लाइब्रेरी का निर्माण किया है । निर्माण होने से आसपास के पंचायत के गरीब टोला के दलित गरीब पिछले समाज के लोग पढ़ने का काम करेंगे, इस अवसर पर सामाजिक न्याय वीरता और सामंती जुल्म के खिलाफ लड़ने वाले चौहरमल की भी मूर्ति का उद्घाटन किया गया.

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के तत्काल क्रियान्वयन पर विचार गोष्ठी आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के तत्काल क्रियान्वयन पर एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना डॉ इंद्रजीत सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. रत्ना अमृत, प्राचार्य, बी.डी. कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. प्रज्ञा भदौरिया, वरिष्ठ वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, क्षेत्र-4, पटना तथा डॉ. सुषमा कुमारी, प्राध्यापक, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने भी महिला सशक्तिकरण एवं विकसित



भारत में महिलाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'विकसित भारत के लिए पथप्रदर्शक के रूप में महिलाएं' विषय पर 12 छात्राओं द्वारा दिए गए प्रेरणादायक भाषण रहे, जिसमें छात्राओं ने आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय डॉ. मनोज कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना द्वारा किया गया।

## शराबी पति से तंग आकर पति ने थाने में सुरक्षा की लगाई गुहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबी पति से तंग आकर एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई और सुरक्षा के गुहार लगाई है, दरअसल्या मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव की है जहां पर पीड़ित महिला रिंकी कुमारी पति रमन कुमार के द्वारा मसौढी थाने में अपने पति रमण कुमार पिता बाबूचंद सिंह के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई और सुरक्षा के गुहार लगाई है, पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि हमारा पति हमेशा दारू पीकर घर आता है और हमेशा मारपीट करता है कोई काम धंधा नहीं करता है इसके अलावा घर में रखे हुए सभी अनाज को वह बेच रहा है, आज भी इसी तरह से घटना घटी है जहाँ घर में रखे हुए सब्जी काटने वाला पिरदाई फेंक कर हमें मारा है जिसे काफी पूरी तरह से जख्मी हो गई है वह जान से मारने की नीयत से वह हम पर हमेशा बराबर मारपीट करता है पुलिस दिए गए आवेदन के आलोक में जांच मे जुटी है।

## डॉ. डी. सुधाकर राव ने बिहार एवं झारखण्ड क्षेत्र के आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयुक्त के रूप में किया पदभार ग्रहण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. राव भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 1990 बैच के अधिकारी हैं और उनके पास आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गोवा, कर्नाटक, पुडुचेरी, केरल और महाराष्ट्र सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापक प्रशासनिक और नेतृत्व का अनुभव है। वर्तमान में वे ओडिशा क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का पदभार



संभाल रहे हैं। डॉ. राव तेलंगाना के निवासी हैं और उनकी अकादमिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है, उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से पर्यावरण विज्ञान में एम.फिल. की उपाधि प्राप्त की है। अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के अलावा, डॉ. राव खेलों में अपनी गहरी रुचि के लिए जाने जाते हैं और बैडमिंटन और गोल्फ खेलना उन्हें पसंद है। उनकी पत्नी, श्रीमती डी. पद्मा ज्योति। इस दंपति के दो बच्चे हैं - एक बेटा और एक बेटी - दोनों ने ही इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), कालीकट से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। डॉ. राव की नियुक्ति से बिहार और झारखंड क्षेत्र में आयकर विभाग के कामकाज और प्रशासन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन प्रेरणादायक

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एन एसएस) द्वाराबाबा साहेब की जयंती पर प्रेरणादायी



कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बाबा साहेब के विचारों, संविधान निर्माण में उनके योगदान तथा सामाजिक समरसता के संदेश से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का अद्भुत उदाहरण है। उनके विचार आज भी युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने स्वयंसेवकों को बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने, शिक्षा को जीवन का आधार बनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक समाज सेवा के साथ-साथ सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बाबा साहेब के जीवन एवं कार्यों पर भाषण, नारा एवं विचार प्रस्तुत किए। पूरे परिसर में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बना रहा।

## मसौढ़ी में 'हरखू के गांव में' की दमदार प्रस्तुति के साथ ती न दिवसीय नाट्य महोत्सव संपन्न

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कला जागृति, मसौढ़ी द्वारा गांधी मैदान में आयोजित सफदर नाट्य महोत्सव का समापन मंगलवार को प्रेरणा (जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा) के नाटक 'हरखू के गांव में' की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ हो गया। तीन दिनों तक चले इस नाट्य महोत्सव में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। 'गरीब का जीवन नरक के समान' अमीरों को देखिए' जैसे तीखे संवादों ने सामाजिक असमानता और अन्याय पर गहरे सवाल खड़े किए। यह नाटक मुंशी प्रेमचंद की कहानियों 'सवा सेर गेहूं' और 'ठाकुर का कुआं' पर आधारित कोलाज है, जिसमें शोषित वर्ग की पीड़ा और संघर्ष को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के अंत में प्रतिरोध का स्वर उभरता



है, जब एक पात्र बेगारी करने से इंकार करता है और दर्शकों से न्याय के पक्ष में खड़े होने की अपील करता हैतीन दिवसीय इस महोत्सव के दौरान विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों की बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। नाटक में सोनू कुमार, विशाल कुमार, अमरेंद्र कुमार, शिवदत्त सक्सेना, राकेश रंजन और साहिबा मल्लिक ने सशक्त अभिनय किया। संगीत संयोजन जीशान फजल का रहा, जबकि प्रकाश परिकल्पना और निर्देशन राकेश रंजन ने किया। मौके पर कला जागृति के सचिव बबलू रंगकर्मी, लाडली कुमारी, मिश्रा, संजय सागर, सौरव कुमार सुमन, शिव पेंटर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दारोगा अभिषेक रंजन के ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) की छापेमारी

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत पैगा गांव निवासी अभिषेक रंजन, जो किशनगंज जिला मुख्यालय स्थित नगर थाने में थानाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं, उनके कई ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने छापेमारी की। जानकारी के अनुसार किशनगंज स्थित नगर थाना के समीप उनके सरकारी आवास के साथ-साथ थाना परिसर के कक्ष में भी जांच की जा रही है। इसके अलावा पटना के रामकृष्णा नगर स्थित आवास पर भी कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि एडव की 6 सदस्यीय टीम तीन वाहनों से किशनगंज पहुंची, जिसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल हैं। टीम द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों की गहन जांच की जा रही है। अभिषेक रंजन के खिलाफ करीब 1 करोड़ 70 लाख 22 हजार रुपये की आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है।

### अंबेडकर जयंती पर राजेंद्र कॉलेज ने स्लम बस्ती के 12 बच्चों को लिया गोद

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम राजेंद्र कॉलेज के समीप स्थित स्लम बस्ती में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. संजय कुमार ने शिक्षा और नशामुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश देकर समाज में बड़ा परिवर्तन किया। उन्होंने कहा कि जब तक स्लम बस्ती के बच्चे मुख्यधारा से नहीं जुड़ेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। इस दौरान उन्होंने 6 छात्र और 6 छात्राओं को गोद लेकर उनके शैक्षणिक विकास की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री और मिठाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के कई प्राध्यापक और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौशिकी रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय प्रधान कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। संस्था की संस्थापिका डॉ. अंजली सिंह ने अंबेडकर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर केवल संविधान निमार्ता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और दूरदर्शी नेता थे। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। वरीय पत्रकार धर्मेंद्र रस्तोगी ने कहा कि अंबेडकर का मूल मंत्र ह्वशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोह्व आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने जाति प्रथा को मानसिक बीमारी बताते हुए महिलाओं की प्रगति को समाज की प्रगति का पैमाना बताया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मशीन में साड़ी फंसने से महिला गंभीर रूप से घायल

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटखौली थाना क्षेत्र के मंगलपुरा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां गेहूं दाने वाली मशीन में साड़ी फंसने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि महिला खेत में गेहूं की कटाई के दौरान मशीन के पास काम कर रही थी, तभी अचानक उसकी साड़ी मशीन में फंस गई। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मशीन बंद कर महिला को बाहर निकाला और इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायल महिला की पहचान मंगलपुरा निवासी नथुनी राय की पत्नी देवानंती देवी के रूप में हुई है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति अब स्थिर है, हालांकि इलाज जारी है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।

### बगहा में आभूषण दुकानों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर क्षेत्र में बैंकों और आभूषण दुकानों की सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय बनी हुई है। इसी क्रम में मंगलवार को अवकाश के दिन, जब बैंक बंद थे, नगर थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न आभूषण दुकानों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि 50 हजार रुपये से अधिक की नकद लेनदेन की स्थिति में पुलिस को पूर्व सूचना दें, ताकि पुलिसकर्मी सुरक्षा प्रदान करते हुए बैंक से दुकान तक सुरक्षित पहुंचाने में मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि बगहा पुलिस आम लोगों और व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैंकों और आभूषण दुकानों की सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी और गश्ती अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना पर अंकुश लगाया जा सके।

### फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें लैपटॉप, मोबाइल, फिंगर स्कैनिंग डिवाइस, आई स्कैनर सहित कई समान बरामद किया है। एसडीपीओ सुशील कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रानीगंज बाजार स्थित एक फोटो स्टेट दुकान में कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम किया जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद चार लोग भागने लगे, जिनमें से दो को खदेड़ कर पकड़ लिया गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आताउर रहमान उर्फ वसीम (30 वर्ष) और इम्तियाज अहमद (32 वर्ष), दोनों निवासी कटिहार जिले के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में उपकरण और दस्तावेज बरामद किए हैं। इनमें लैपटॉप, मोबाइल, फिंगर स्कैनिंग डिवाइस, आई स्कैनर, वेब कैमरा, डेटा केबल, आधार कार्ड, फॉर्म, बर्थ सर्टिफिकेट, वोटर आईडी सहित सिलिकॉन से बना फिंगर क्लोन और 18 हजार रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी विभिन्न राज्यों के लोगों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने का अवैध कार्य कर रहे थे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद गंभीर मामला है। इस कार्रवाई में रानीगंज थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

### पलासी में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले के पलासी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अररिया एसडीपीओ सुशील कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सोहंदर हाट स्थित आमिर कुमार बहारदार की मोबाइल रिपेयरिंग दुकान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध तरीके से दूसरे राज्यों के आधार डेटा का उपयोग कर नए आधार कार्ड बनाने, पुराने आधार को गलत तरीके से अपडेट करने और फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके से आमिर कुमार बहारदार, मोमिन अंसारी, शशि कुमार और मुर्शिद आलम को गिरफ्तार किया। ये सभी आरोपी अलग-अलग राज्यों जैसे कर्नाटक और मध्य प्रदेश के आधार आईडी का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे थे। **बरामद सामान में शामिल:** एक लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन, फिंगर प्रिंट स्कैनर, आईरिस डिवाइस, प्रिंटर, आधार एनरोलमेंट से जुड़ी कई रसीदें, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रतियां, पैन कार्ड की कॉपी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अंक पत्र सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। साथ ही लैपटॉप की स्टेटस रिपोर्ट में 39 व्यक्तियों का आधार एनरोलमेंट और अपडेट किए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। इस संबंध में पलासी थाना में मामला दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे नेटवर्क और तकनीकी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को गुमराह कर रहा था। मामले में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

# बाबा साहब की जयंती पर रक्सौल में जागा सामाजिक चेतना का स्वर, निकली प्रभात फेरी

**रक्सौल(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को रक्सौल शहर सामाजिक चेतना और जागरूकता के रंग में रंगा नजर आया। अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष अंबेडकर ज्ञान मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा, उत्साह और जनभागीदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ शहर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में शामिल लोगों ने ह्वशिक्षित बनो, संगठित रहोह्व और ह्वनशा मुक्तझशिक्षा युक्त समाज बनाओह्व जैसे नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। मंच के संस्थापक मुनेश राम ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और शिक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, शोषित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने अभिभावकों से विशेष रूप से अपील की कि वे अपने बच्चों, खासकर बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करें, ताकि समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम में युवा नेता सनी पटेल, शशांक शेखर, समाजवादी चिंतक जयप्रकाश नारायण यादव, कपिल देव राय, महेंद्र ठाकुर और चंद किशोर पाल सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर दीपक अग्निरथ, श्रेयांश गुप्ता उर्फ बिट्टू, राजेश केशरीवाल, भाग्यनारायण शाह, जगन राम, सज्जन पासवान, हृदेश चौरसिया, पंकज पासवान, प्रकाश पासवान, छोटेलाल चौरसिया, पूजा कुमारी, ताराचंद राम, मुन्ना राम, प्रदीप कुमार, नुरूलाह खान, रामबाबू यादव, पूर्णिमा भारती, रवि मस्करा, सुभाष यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, शिक्षा और नशा मुक्ति का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।



## बाबा साहब का जीवन संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प का अद्वितीय उदाहरण : राधामोहन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में सोमवार को मोतिहारी सांसद व पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों की अलख जगाने वाले महान विचारक, भारतीय संविधान के शिल्पकार, "भारत रत्न" बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। श्री सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को सम्मान,अधिकार और अवसर दिलाने के लिए जो मार्ग प्रशस्त किया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। उनका दिया हुआ संविधान ना केवल देश की लोकतांत्रिक नींव है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समानता,स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार सुनिश्चित करता है।

## सिकरिया शिक्षण संस्थान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई जयंती

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा नेता उद्योगपति यमुना सीकरीया द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जन्म जयंती के अवसर पर अपने सीकरीया शिक्षण संस्थान में शिक्षकों एवं छात्रों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत बेगमपुर बस्ती में जाकर बच्चों के बीच स्वच्छता कीट का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता रोचक झा, अनिल प्रसाद, प्रिंसिपल प्रीति दुबे उपस्थित थे। भाजपा नेता यमुना सीकरीया ने कहा आज अंबेडकर जी के विचारों के बारे में छात्रों को बताया गया और कहा बाबा साहेब जी ने हर वर्ग को समान अधिकार और अवसरों की स्वतंत्रता देने वाला संविधान देकर हमारे लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी उन्होंने देश की अखंडता के लिए 370 का मजबूती से विरोध किया समाज को शिक्षित बनने और संगठित रहने का मंत्र दिया आज हमारी मोदी सरकार ने बाबा साहेब के संकल्पो को आगे बढ़ाने में लगी है।



# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं

**'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत कई मामलों का मौके पर किया निपटारा**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सात निश्चयझ्र3 के तहत चलाए जा रहे 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान कुल 30 मामलों पर गंभीरता से विचार किया, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। इस दौरान जिलाधिकारी ने न केवल समस्याओं को दर्ज किया, बल्कि कई जटिल मामलों में त्वरित हस्तक्षेप करते हुए मौके पर ही उनका समाधान सुनिश्चित कराया, जिससे आवेदकों को तत्काल राहत मिली। जनसुनवाई में अपनी समस्याएं रखने वालों में निरंजन साहा, ललिता देवी, प्रेम कुमार दास, पूनम देवी, रामबालक साह, संगीता देवी, मंजू देवी, नंदलाल प्रसाद, कमलेश्वर प्रसाद, राधा यादव और असगरी बेगम सहित कई अन्य नागरिक शामिल थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शेष बचे हुए आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए ताकि आमजन को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

## जनगणना प्रगणको का प्रशिक्षण शुरू

**भितहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व निर्धारित समयावधि के तहद सभी जनगणना कमीर्यो का प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय साभागार में नोडल पदाधिकारी सह बीडीओ मनोज कुमार पंडित के उपस्थिति में शुरू हो गयी जिसमें बीडीओ श्री पंडित ने बताया कि जनगणना के लिए कुल 126 गणना ब्लाक बनाया गया है। जिसमे 139 प्रगणक, 24 सुपरवाइजर सहीत कुल 163 लोगों को लगाया गया है जिनका प्रशिक्षण कराया जा रहा है। सोमवार से जिला से प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर धन्नजय यादव और राजेश गुप्त द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यह प्रशिक्षण 24 अप्रैल तक चलेगा जिसमें 163 लोगों के लिए चार बैच बनाया गया जिसमें चारों बैचों का तीन तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें आज पहले बैच मे 43 लोगों का प्रशिक्षण चल रहा है जो अगले तीन दिनो तक चलेगा और अगले दिन के बाद दुसरे बैच का प्रशिक्षण शुरू होगा ।इस तरह 24 अप्रैल को प्रशिक्षण समाप्त होगा। प्रशिक्षको द्वारा जनगणना से सम्बन्धित एक- एक बिन्दुओं पर जानकारी दी जा रही है।

# सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**कुल 600 में 234 अभ्यर्थी ही हुए शामिल, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को बीपीएससी, पटना द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के प्रथम चरण की पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। कुल 600 अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित इस परीक्षा में प्रथम पाली में सामान्य भाषा की परीक्षा में 234 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 366 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में सामान्य अध्ययन की परीक्षा में 232 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। प्रथम पाली के दो परीक्षार्थी द्वितीय पाली में शामिल नहीं हो सके। परीक्षा केंद्र पर सुबह 8 बजे से 9 बजे तक अभ्यर्थियों का प्रवेश सुनिश्चित किया गया। प्रवेश से पूर्व मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की सघन जांच केंद्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट द्वारा की गई। इसके बाद पुलिस बल द्वारा अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग कराई गई। कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी गई। स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी छौड़ादानों मृत्युंजय कुमार प्रतिनियुक्त थे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु ढाका थाना के सब इंस्पेक्टर जवाहर प्रसाद सशस्त्र बल के साथ तैनात रहे। परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण जोनल दंडाधिकारी के रूप में डीपीओ (एसएसए) प्रहलाद गुप्ता एवं एसडीओ सिकरहना विजय कुमार द्वारा किया गया।

# सिकरिया फामेर्सी कॉलेज में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

**सदर एसडीओ, सदर डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी, नगर थानाध्यक्ष, छतौनी थानाध्यक्ष शांति समिति के अध्यक्ष एवं मार्गदर्षक डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवति कर किया शुभारम्भ**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला शांति समिति की बैठक सीकरीया फामेर्सी कॉलेज के कॉन्फ्रेन्स हॉल में हुई। जिसका सदर एसडीओ निशांत सिहारा, सदर डीएसपी दिलीप कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी कुमारी प्रियंका, नगर थाना अध्यक्ष राजीव रंजन, छतौनी थाना अध्यक्ष मृत्युंजय पासवान के अलावा शांति समिति के अध्यक्ष डॉ. परवेज एवं मार्गदर्षक डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवति कर शुभारम्भ किया। उपरोक्त बैठक में रामनवमी के अवसर पर जगतगुरू शंकराचार्य को अल्पसंख्यक वर्गो के द्वारा दिये गये सम्मान के लिए एसडीओ सदर, सदर डीएसपी ,प्रशिक्षु डीएसपी के साथ सभी ने अत्यन्त सराहना की, और कहा कि आने वाले समय में सम्प्रादियक सदभाव का यह संदेश पूरे भारत बर्ष को एक नई दिशा प्रदान करेगा। मंच संचालन पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार, अध्यक्षता- डॉ. परवेज, पंडित चन्द्र किशोर मिश्र, बिन्टी शर्मा, तथा शांति समिति की समीक्षा पर डॉ. शम्भू सीकरीया ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ तबरेज एवं करीमूल इमाम को एस.डी.ओ और डी.एस.पी. ने चादर से सम्मानित किया और भूरी - भूरी प्रशंसा की तथा एसडीओ सदर, सदर डीएसपी , प्रशिक्षु डीएसपी ने डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया का भी सॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। इसके बाद इस उपलक्ष्य में श्री सीकरीया ने अनेको भेराईटी के राजस्थानी व्यंजनो का रसपादन कराया। जिसकी भी सबो ने बड़ी प्रशंसा की।

## बगहा डिग्री कॉलेज में डॉ. संजीव कुमार राम ने फिर संभाली कमान, अनुशासन पर दिया जोर

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिग्री कॉलेज बगहा में डॉ. संजीव कुमार राम ने एक बार फिर प्रिंसिपल का पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वे 12 जून 2024 से 31 जुलाई 2025 तक इसी कॉलेज में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पुनः योगदान के साथ ही कॉलेज परिसर में अनुशासन और शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में उन्होंने कदम बढ़ा दिए हैं। पदभार संभालते ही डॉ. राम ने सभी प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसरों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कॉलेज में वर्तमान में 9 अस्थायी और 5 स्थायी सहायक प्रोफेसर कार्यरत हैं, जबकि कुल 10 पद रिक्त हैं, जिनमें दो स्वीपर के पद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को समय पर कक्षा लेनी होगी और बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। छात्रों के लिए भी 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित उपस्थिति पूरी करने वाले छात्रों को ही परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी जाएगी। डॉ. राम ने बताया कि उनके प्रयास से लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से कॉलेज भवन का निर्माण स्वीकृत हुआ था, लेकिन कार्य धीमी गति से चल रहा है।

## जनगणना प्रशिक्षण शिविर शुरू,सही, सटीक और विश्वसनीय जानकारी एकत्र करने पर जोर



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के ई किसान भवन के सभागार में आगामी जनगणना की तैयारियों को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड जनगणना पदाधिकारी श्याम कुमार ने जनगणना को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां और विकास योजनाएं इसी पर आधारित होती हैं।बीडीओ श्याम कुमार ने जनगणना कार्य में लगे सभी कर्मियों से पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से घर-घर जाकर सही, सटीक और विश्वसनीय जानकारी एकत्र करने पर जोर दिया, ताकि जनगणना के आंकड़े प्रामाणिक बन सकें।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्र भरने की विधि, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और डेटा संग्रहण की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा चरणबद्ध तरीके से सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों को दूर करना और जनगणना प्रक्रिया को सुचारु बनाना है। इस प्रशिक्षण में शिक्षक परशुराम प्रसाद, संजीव कुमार, महिपाल मिश्रा, हारून आलम, विजय कुमार, अशोक शर्मा,सहित सैकड़ो शिक्षक ने भाग लिया।

## जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय संविधान के निमार्ता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आज समाहरणालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को शत-शत नमन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। अधिकारियों ने एकजुट होकर बाबा साहेब के आदर्शो को स्मरण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम सभी को उनके सिद्धांतों को याद करते हुए उन्हें अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हम सभी इन संदेशों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास करें। उन्होंने सभी से अपील की कि सामाजिक समरसता और समानता के मूल्यों को अपनाकर समाज को और सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

# चयनीय एजेंसी के मजदूरों से होगी नगर निगम के नालों की मैनुअल सफाई : गरिमा

**आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा तैनात मजदूरों की नगर निगम प्रशासन द्वारा तैनात टीम भी तैयार करेगी दैनिक स्तर पर कार्यरत पाए गए मजदूरों की हाजिरी**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम के नालों की मैनुअल सफाई के लिए नालों में उतरकर सफाई करने वाले श्रमिकों की आपूर्ति के लिए आउट सोर्सिंग एजेंसी का चयन के लिए निविदा जारी की गई है। इसकी जानकारी देते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि चालू अप्रैल माह के अंत निविदा प्रक्रिया से चयनीय एजेंसी के मजदूरों से नगर निगम क्षेत्र के मुख्य नालों की मैनुअल सफाई शुरू करा दी जाएगी। ताकि हर हाल में बरसात शुरू होने से पहले सभी मुख्य नालों की तल से सफाई पूरी की जा सके। इसके लिए चयनित आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से सक्षम कुशल श्रमिक उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे सघन शहरी क्षेत्र सहित पूरे नगर निगम क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाई जाएगी। जारी निविदा के अनुसार महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि पूरी निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित होगी। महापौर ने बताया कि इच्छुक एजेंसियां 11 से 13 अप्रैल तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया है, जबकि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। निविदा का निस्तारण 21 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत लगभग 50 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में नालों की सफाई का कार्य कराया जाएगा, जिसके लिए श्रमिकों की हाजिरी के आधार पर निर्धारित राशि के अनुसार ऑनलाइन भुगतान अनिवार्य होगा। निविदा में भाग लेने वाली एजेंसियों को 'बिड प्रोसेसिंग फीस' का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या अन्य ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, इंटरनेट या तकनीकी कारणों से निविदा अपलोड न होने की स्थिति में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य शहर में जलजमाव की समस्या को कम करना और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। निविदा प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए योग्य एजेंसी का चयन किया जाएगा, जिससे समयबद्ध और प्रभावी ढंग से नालों की सफाई सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया प्रत्येक नाले की मैनुअल सफाई शुरू होने के बाद नगर निगम प्रशासन की टीम भी कार्यों का दैनिक सत्यापन के साथ अटेंडेंट भी तैयार करेगी। वही एजेंसी को एक्चुअल कार्य के आधार पर नगर निगम प्रशासन द्वारा हाजरी का भुगतान किया जाएगा।



# रसोई गैस का नहीं है कोई संकट, समय पर उपलब्ध कराई जा रही सिलेंडर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6908 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 14 अप्रैल तक जिला में कुल नए 152 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 14 अप्रैल को प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 14 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## बाल विकास विद्यालय में वार्षिकोत्सव सह अंबेडकर जयंती आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** बाल विकास विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण देश भक्ति गीत ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के डायरेक्टर अजय कुमार पांडेय ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का मूल मंत्र "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम रंजन ने भी शिक्षा को समाज में समानता लाने का एकमात्र सशक्त माध्यम बताया।

# 135वीं जयंती पर याद किए गए संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती राम लखन सिंह यादव कॉलेज में धूमधाम, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर पूरी तरह सजाया गया था और कार्यक्रम स्थल पर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य न केवल डॉ. आंबेडकर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना था, बल्कि उनके विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना भी था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विजय रजक, वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने क्रमवार पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरे परिसर में सामाजिक समानता, शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश गूंजता रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और दूरदर्शिता का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर जी ने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. रमेश यादव, डॉ. संजय रमन, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार चौधरी, डॉ. अनिल लाल, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. रूबी कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, मुकेश कुमार, सोनम कुमारी, प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी, लेखापाल विवेक कुमार, सहायक राजाउद्दीन खान, जितेंद्र कुमार, संतन कुमार, अनुज कुमार, मनीष कुमार, डब्लू गिरी, सहित अन्य कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेताओं ने मनाई डा. भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर में संविधान निर्माताओं में प्रमुख भारत रत्न से सम्मानित डा. भीमराव आंबेडकर के 136वीं जयंती पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस आनंद शंकर के नेतृत्व में मनाई गई। सर्वप्रथम सभी ने डा. भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि बाबा साहेब सभी के आदर्श हैं। उनके बताए मार्गों पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है। प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मो. जुल्फिकार, पूर्व उपाध्यक्ष उदय पासवान, युवा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र पासवान, नगर प्रमुख शकिल अहमद, नगर युवा समाजसेवी मो. जिन्ना कुरैशी, समाजसेवी नागेंद्र कुमार सिह, वरीय कांग्रेसी शैलेन्द्र मिझ शैल, वरीय कांग्रेसी धीरेंद्र सिह, गौतम सिह, युवा नेता आशुतोष, नवीन कुमार शर्मा वैगरह सहित मौजूद रहे।

# आरा मशीन में लगी आग, चार लाख का नुकसान, बेजुबान जानवर जले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के वार्ड नंबर 14 ब्लॉक रोड के समीप मंगलवार की अहले सुबह आरा मशीन में आग लग गई। आग लगी की घटना की जानकारी मिलने पर दो अग्निशमन वाहन के पर पहुंची और घंटे में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस संदर्भ में आरा मशीन संचालक आर्यन को मारने जानकारी दी की वार्ड नंबर 14 स्थित ब्लॉक रोड के समीप आरा मशीन है जहां कारखाना भी चलता है। इस आग लगी की घटना में फर्नीचर, बेड, सोफा, पलंग, कुर्सी जल सहित अन्य लकड़ी एवं मशीनरी सामान जलकर राख हो गया तथा एक गाय का बछड़ा भी जलकर मर गया। इस आग लगी की घटना में लगभग चार लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने मुआवजा की मांग की है। सहायक अनुमंडल अग्निशमनालय पदाधिकारी मुन्ना कुमार ने जानकारी दिया की घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर दो अग्निशमन वाहन पहुंची और आसपास में फैल रही आग पर काबू पाया। इस मौके अग्निक चालक नीरज पासवान, अग्निक चालक सौरभ कुमार, अग्निक मोहम्मद एजहार अलम, अग्निक सौरव कुमार, अग्निक रंजीत पासवान, अग्निक रंगीता कुमारी, सहित अन्य लोगों ने स्थानीय निक्की निशा, आर्यन, तरुण,जितु, सहित अन्य लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। हालांकि पीड़ित परिवार ने किसी द्वारा आग लगाने की आशंका जताई है।

## भूमि विवाद में मारपीट

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बंचर बगड़ा गांव में मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गये। घायल मंतारा कुवर एवं सुनीता देवी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया। इस मामले में मंतारा कुंवर ने गांव के भोला तिवारी, अमित तिवारी, अंगद तिवारी, सुनीता देवी, उपेंद्र तिवारी सहित सात लोगों को वहीं दूसरे पक्ष के सुनीता देवी ने मंतरा कुंवर, ओम प्रकाश तिवारी सहित तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## वारंटी गया जेल

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज पुलिस ने बिजुलिया गांव के साधु यादव उर्फ राकेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि इसके विरुद्ध औरंगाबाद न्यायालय से वारंट निर्गत है। जिसे पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

# देव में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**देव (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के देव नगर पंचायत अंतर्गत मल्लाह टोली में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष पिंटू साहिल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, देव थाना अध्यक्ष कुमार सौरभ, भाजपा नेता आलोक सिंह और पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर फूलों की वर्षा की गई और पूरे क्षेत्र में "जय भीम, जय भीम" के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर बाबा भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह भी हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में शिक्षक सुनील राम, शिक्षक जालंधर दास, शिक्षक उदय राम, समाजसेवी दीपक कुमार, कमेटी अध्यक्ष राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार, कमेटी उप सचिव ओम प्रकाश कुमार उर्फ विगन, दिलीप कुमार, मोनू कुमार, अभिषेक कुमार, गणेश कुमार, संतान कुमार, प्रमोद मास्टर, राजेंद्र दास और लक्ष्मण राम सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अग्निशमन विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को आग लगने की स्थिति में बचाव एवं नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अनुमंडल अग्निशमन अधिकारी मुन्ना कुमार, प्रधान अग्निशमन कर्मी सुनील सिंह, अग्नि चालक सौरभ कुमार, अग्निशमन कर्मी मोहम्मद इजहार आलम, सुषमा कुमारी, रंजीत कुमार एवं अन्य कर्मियों ने भाग लिया।
उन्होंने शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से लगी आग पर काबू पाने के लिए अग्निशामक सिलेंडर के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर पारिवारिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, विकास कुमार सिंह, एएनएम दावन तिग्गा, रंजना कुमारी, सुमन कुमारी, प्रियंका कुमारी, पिरामल से जितेंद्र कुमार, डाटा ऑपरेटर निर्भय कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी कर्मियों को आपात स्थिति में सतर्कता बरतने और प्राथमिक स्तर पर आग बुझाने के तरीकों की जानकारी दी गई, जिससे भविष्य में किसी भी दुर्घटना से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# अम्बेडकर जयंती पर मदनपुर में निकला जुलूस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मदनपुर (औरंगाबाद)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिवनाथ बिगहा स्थित कार्यक्रम स्थल पर समारोहपूर्वक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य शंकर यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक वंशी राम, छोटन राम, संरक्षक सह मुखिया संजय यादव, पैक्स अध्यक्ष शंभू यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, अधिवक्ता चंदेश्वर पासवान, विमल राम, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष रामप्रवेश मांझी, हेडमास्टर तपेश्वर कुमार, अनिल यादव एवं पैक्स अध्यक्ष अनुज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलेश्वर राम ने की। इससे पूर्व एक विशाल जुलूस निकाली गई, जो खिरियावां मोड़ से प्रारंभ होकर एनएच-19, थाना रोड, दर्जी बिगहा मोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। जुलूस के दौरान प्रतिभागियों ने "जय भीम" के नारे भी लगाये।

# रसोई गैस वितरण में अनियमितता पर एसडीओ ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** ओवर ब्रिज के समीप लिंगराज एचपी गैस एजेंसी के समीप गैस उपभोक्ताओं द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई। सूचना के आलोक में पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने मामले का जायजा लिया। निरीक्षण टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी रमन बहादुर सिंह, विपणन पदाधिकारी अमरजीत कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में एजेंसी कार्यालय में संधारित स्टॉक पंजी, कैश मेमो, होम डिलीवरी पंजी आदि अभिलेखों की गहन जांच की गई। तत्पश्चात गोदाम में उपलब्ध एलपीजी सिलेंडरों के भौतिक सत्यापन के साथ स्टॉक का मिलान किया गया। जांच के दौरान एफआईएफओ (पहले आओ, पहले जाओ) प्रणाली का अनुपालन नहीं किए जाने संबंधी अनियमितता पाई गई। उक्त अनियमितता पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एचपी सेल्स मैनेजर एवं गैस एजेंसी संचालक को फटकार लगाई गई तथा एजेंसी संचालक एवं प्रबंधक से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एचपी के सेल्स मैनेजर को प्रतिदिन न्यूनतम दो लोड एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एलपीजी सिलेंडरों के वितरण में एफआईएफओ प्रणाली का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए, जिससे पुराने स्टॉक का समय पर निष्पादन सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में होम डिलीवरी उपलब्ध कराने एवं उपभोक्ताओं के साथ शिष्ट व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में कालाबाजारी अथवा किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित एजेंसी संचालक एवं कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करते हुए विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को पूरे भारत ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर एक पर्व के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया, जिसका योगदान आज भी प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजू चौहान, वार्डन अनुराधा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशी कुमारी, राहुल कुमार, रोहित कुमार, प्रिंस कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर निकली जन-जागरूकता रैली



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**देव (औरंगाबाद)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एरौरा पंचायत के कंचनपुर गांव में भव्य एवं शांतिपूर्ण जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश यादव ने की। रैली में बड़ी संख्या में पंचायतवासियों ने भाग लिया और बाबा साहेब के विचारों तथा उनके द्वारा दिए गए संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राम नरेश, कार्य अध्यक्ष संजीत पासवान, पंचायत के मुखिया निरंजन कुमार एवं कृष्ण यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने, समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। रैली पूरे क्षेत्र में शांति, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुई, जिससे सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने और समाज में समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# एक नजर

## 32 हजार लीटर जावा महुआ को किया विनष्ट

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पुलिस द्वारा सोन तटीय इलाके में शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई एटीएफ प्रभारी सह एएसआई गोपाल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में की गई। बताया गया कि अमृत बिगहा और भगवान बिगहा के पश्चिम सोन नदी के झाड़ी में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 13 शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। शराब बनाने की सामग्री को नष्ट किया गया। लगभग 32000 लीटर जमा महुआ का विनष्टीकरण किया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## विधिज्ञ संघ परिसर में मनाई गई जयंती

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती विधिज्ञ संघ परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा मनाई गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। संघ के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह, अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद देवराज पासवान, महेंद्र पासवान,जयकेश पासवान, विजय पासवान आदि उपस्थित थे।

## सम्राट चौधरी के नेता चुने जाने पर हर्ष

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल क्षेत्र के एनडीए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पद के लिए एनडीए का नेता सम्राट चौधरी के चुने जाने पर हर्ष जताया है। इसके लिए नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया है। नेताओं ने कहा है आने वाले समय में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार का निरंतर विकास होगा तथा एनडीए और मजबूत बनकर उभरेगा। हर्ष जतानेवालों में जदयू नेता संजय पटेल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता अजय कुशवाहा, अशोक मेहता, अमन वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, जदयू नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार तांती, पप्पू गुप्ता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, अरुण सिंह, विनोद सिंह, रंजीत कुशवाहा, राकेश कुशवाहा आदि शामिल हैं।

# सांसद ने परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के धमनी गांव टोला शम्भो निवासी वीर सपूत, सीआरपीएफ कोबरा कमांडो में तैनात राकेश चौधरी के शहीद होने की दुखद खबर से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। शहीद का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ संपन्न किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद काराकाट के सांसद राजाराम सिंह मंगलवार को शहीद के आवास पहुंचे। उन्होंने शहीद राकेश चौधरी के परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस अपूरणीय क्षति पर ढांढस बंधाया। सांसद ने आश्वासन दिया कि शहीद के परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके बाद सांसद ग्राम अल्पा पहुंचे, जहां 22 वर्षीय अजय कुमार की विद्युत स्पर्शाघात से हुई मौत पर उन्होंने शोक व्यक्त किया। पीड़ित परिवार से मिलकर उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट की और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

# रसोई गैस सिलेंडर वाहन से असामाजिक तत्वों ने की जबरदस्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** लिंगराज गैस एजेंसी की होम डिलीवरी हेतु जा रही वाहन को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा क्लब रोड के समीप जबरन रोककर गैस सिलेंडर लेने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन ने त्वरित एवं कड़ा रुख अपनाते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस दौरान घटना में शामिल कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में कानून-व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी प्रयास को गंभीरता से लिया जाएगा।आमजन से अपील की जाती है कि एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त करने हेतु गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक भीड़ न लगाएं। गैस एजेंसियों द्वारा नियमानुसार होम डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, यह भी अपील की जाती है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में बाबा साहब की गूंजी प्रेरणा

## कार्यकारी निदेशक ने माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप में मनाई गई। टाउनशिप स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अपने विचारों में डॉ अंबेडकर को एक बहुआयामी व्यक्तित्व बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं थे। बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक नियोजन, समानता तथा महिला एवं श्रमिक अधिकारों के सशक्त पक्षधर भी थे। महिलाओं की प्रगति को समाज की प्रगति का मानक मानते हुए उनका यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि मैं किसी समुदाय की प्रगति को इस आधार पर मापता हूँ कि उस समुदाय की महिलाओं ने कितनी प्रगति हासिल की है।हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और एक सुंदर, उन्नत और खुशहाल समाज और देश का निर्माण करने में सहयोग देना चाहिए। बरौनी रिफाइनरी इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज में उन्नति के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीक) एस के सरकार, महाप्रबंधकगण, बीटीएमयू तथा ऑफिसर्स एसोशिएशन के प्रतिनिधि, अन्य कर्मचारी तथा एससी एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# संविधान बचाना है तो अंबेडकर को आत्मसात करना होगा : सपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुंगेर।** राष्ट्र निर्माण के शिल्पकार भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती पर समाजवादी पार्टी के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में भारतीय राजनीति एवं संविधान पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसके पूर्व किला क्षेत्र स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर सपाईयों ने माल्यार्पण कर संविधान के प्रस्तावना से खिलवाड़ करने वाले फिरकापरस्त ताकतों से लड़ने का संकल्प लिया।

मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि भारत के निर्माण के वाहक संविधान निर्माता बाबासाहेब अंबेडकर ने कहा था धर्म से राजनीति को अलग करो मंदिर नहीं सत्ता के लिए संघर्ष करो लेकिन दुर्भाग्य आजादी के 78 वर्ष बाद भी हम धार्मिक उन्माद में उलझे हैं और संवैधानिक पद पर आसीन न्यायाधीश और सत्ताधीश संविधान की हत्या कर रहे हैं जिसे बचाने के लिए हमें बाबा साहब को आत्मसात कर हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहना होगा यही हमारी बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की प्रखर आवाज थे जिसने गरीब गुरबे शोषित पीड़ित को समान अधिकार देने के लिए संविधान में कई प्रस्तावना लाए लेकिन बाबा साहब के सपने आज भी अधूरे हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथिलेश यादव अशोक भारत सचिव नकुल यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम मथुरी यादव दिनेश साहू छडपन मंडल कालेश्वर महतो राजीव कुमार लोरिक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय संविधान के शिल्पकार को जिला प्रशासन ने किया नमन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धापूर्वक उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर शहर के अंबेडकर चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत बड़ी पोखर स्थित डॉ अंबेडकर पुस्तकालय में भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब के विचारों एवं उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बेगूसराय, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय, वरीय उप समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भाकपा ने मनाई अंबेडकर की 135वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर आधुनिक भारत के शिल्पकार, संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनायी गयी। सीपीआई के बैनर तले रजाकपुर पंचायत के डुमरिया में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल मंत्री चंद्रभूषण चौधरी तथा संचालन सरपंच प्रतिनिधि शिवनंदन पासवान ने किया। उपस्थित गणमान्य ने इनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का सपना शोषण विहीन समाज निर्माण का था। इस कड़ी में उन्होंने गरीब, मजदूरों, महिला, दलितों के हकहकूक की हिफाजत के लिए संविधान में कई प्रावधान दिया पर केन्द्र की सत्तासीन सरकार संविधान को ताक पर रखकर उनके अधिकारों को उनसे छीनने की साजिश कर समाज में स्थापित भाईचारे को तार- तार करने के लिए अमादा है। इन साजिशों को पहचान कर उसके विरूद्ध संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के सभी अभिभावकों को शिक्षित करने की अपील की। कार्यक्रम में गणेश महतो जितेंद्र कुमार, महेन्द्र महतो अनुभव कुमार, शंभू, ललन, नरेश सहित कई वक्ताओं ने इनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व की चर्चा की। अर्जक संघ तथा अंबेडकर सेवा संस्थान बगरस थान सिंह पर स्थापित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व की चर्चा की। धर्मेन्द्र कुमार, गौतम पासवान, अनिल कुमार पासवान सहित दर्जनाधिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। वही हसनपुर बागर में मुखिया विजय पासवान, रंजन चौधरी, मोहम्मद नाजिम, कलेशर तांती आदि ने बाबा साहब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पंचायत भवन रजाकपुर, शहीद मेजर अरविंद बजाला पाठशाला गम्हरिया, गोस्वामी सेवा संस्थान समसा सहित कई अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम का आयोजन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।मौके पर उप प्रमुख नंद किशोर पासवान मुखिया विजय पासवान, शशिरंजन चौधरी, मो नाजिम, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, यंग बिग्रेड के अध्यक्ष अमन कुमार, अनिल कुमार महतो, राजीव कुमार सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

## विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** मंगलवार को बखरी प्रखंड में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके तेल चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया तथा पूरे नगर का भ्रमण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सूर्यकान्त पासवान, बहुजन कल्याण समिति के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी, पूर्व मुखिया शिवनारायण राम, अंबेडकर फुले विचार मंच के कैलाश सदा, रामचरण महतो, बिहार अंबेडकर विद्यार्थी मंच के जिला संयोजक रंजीत अनाड़ी, सपा नेता मांगन सदा, अधिवक्ता गौरव कुमार, विद्यार्थी परिषद के राजेश अग्रवाल, मुरारी टिबरीबाल, प्रिंस सिंह, सुबोध राम, बिट्टू पासवान, भवेश पासवान और कपिल देव प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया तथा उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# कल्याण छात्रावास में मनाई गई अंबेडकर जयंती

## युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता रहे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जीडी कॉलेज स्थित कल्याण छात्रावास में मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मेरा युवा भारत संगठन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और विचारों को याद करते हुए सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे बरौनी प्रखंड के स्वयंसेवक प्रहलाद कुमार झा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान दिया और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा भाषण, कविता पाठ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। जिनमें अंबेडकर जी के जीवन और उनके संघर्षों को दर्शाया गया। साथ ही शिक्षा के महत्व और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। मेरा युवा भारत के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी संगठन शिक्षा, सामाजिक न्याय और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर अंबेडकर जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया और देश की प्रगति में योगदान देने की बात कही। इस प्रकार अंबेडकर जयंती का यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का अवसर बना, बल्कि समाज में जागरूकता और एकता का संदेश भी देने में सफल रहा।मौके पर मेरा युवा भारत के क्लब के सदस्य आलोक मनीष रवीश विपुल सत्यम रानी लक्ष्मी प्रीति प्रिया अनमोल आदि उपस्थित थे।

# बाबा साहब ने कहा शिक्षा ही देश को करेगी मजबूत : डॉ शीतल

## माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में सम्मान और उत्साह के साथ मनी अंबेदकर जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शीतल देवा एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा डॉ आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात सभा का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। बच्चों ने डॉ आंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए। साथ ही, गीत एवं नृत्य के माध्यम से उनके विचारों, संघर्ष और महान कार्यों को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्या डॉ शीतल ने कहा कि डॉ आंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा ही वह शक्ति है। जिससे समाज और देश को बदला जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे हमेशा समानता, अनुशासन और सत्य के मार्ग पर चलें तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनें। वहीं डॉ मनीष देवा ने कहा कि बाबा साहब केवल एक महान नेता ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी चिंतक और समाज सुधारक थे। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया।यह कार्यक्रम न केवल एक उत्सव था, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और मूल्यों को आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी रहा।

# एससी-एसटी एसोसिएशन कार्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन जमालपुर वर्कशॉप के तत्वाधान में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह संगठन कार्यालय में मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल एवं जोनल अध्यक्ष प्रेमचंद मुर्मू सहित जोनल सचिव डॉ समीर कुमार दास एवं विशिष्ट अतिथि जोनल कार्यकारी अध्यक्ष जयंत विश्वास, संस्थापक सदस्य पितामह शिवलाल रजक, डॉ जेके प्रसाद ने संयुक्त रूप से गौतम बुद्ध, बाबा साहब एवं बिरसा मुंडा के भव्य प्रतिमा का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया। प्रतिमा उद्घाटन के पूर्व मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि ने तीनों महापुरुष के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके बताए हुए मार्ग चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को प्रदर्शित करने की बात कही। सीडब्ल्यूएम श्री वर्णवाल ने यह भी कहा गौतम बुद्ध बिरसा मुंडा एवं बाबा साहब का प्रतिमा स्थापित करना यह अपने आप में महान कार्य है इसकी गरिमा बनी रहे यूनियन नेता से इसके लिए अपील किया। इसके पहले कारखाना शाखा के अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू, सचिव सतीश भारती के नेतृत्व में सभी अतिथि का स्वागत सम्मान स्मृति चिन्ह भेटकर किया गया। मौके पर राम रतन सिंह मुंडा, महेंद्र कुमार, शिवसागर सोरेन, शिशिलिया टुडू, जय प्रकाश पासवान, तुड़ा मुर्मू, राकेश कुमार, स्टीफ़ेन सोरेन, विश्वामित्र साह, अनिल प्रसाद यादव, भानु पाठक, प्रीतम कुमार, प्रदीप दास, राम प्रवेश रजक, ब्रिधन पासवान, अजय राउत, उमाशंकर रजक एवं अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# महिला फाइनेंस कर्मी को दिनदहाड़े लूटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र में बदमाशों ने देशी कट्टा का भय दिखाकर फाइनेंस कंपनी की महिला कर्मी से दिन दहाड़े बेरानवे हजार छह सौ अड़सठ रुपये लूट लिया। घटना सोमवार की लगभग शाम चार बजे की है। घटना के संबंध में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस लिमिटेड, मंझौल शाखा की महिला कर्मी निधि कुमारी ने बताया कि वह विष्णुपुर पंचायत के वार्ड नंबर एक गौरीपुर में गांगों पासवान के दरवाजे पर जीविका सीएम के दरवाजे पर ऋण वसूली कर अपनी स्कूटी से मंझौल लौट रही थी। इसी दौरान पूर्व से घात लगाए पहसारा बगरस सड़क के चकमुजफ्फर तीन बटिया के पास एक बाइक पर तीन सवार बदमाशों ने पीछे से उसकी बाइक में ठोकर मार दी। फिर कट्टा का भय दिखाकर उसका बैग छीनकर पश्चिम की तरफ भाग निकला। फिर महिला कर्मी ने इसकी सूचना नावकोठी थाने को दी। उसने बताया कि गौरीपुर से ही बदमाश उसका पीछा करते आ रहा था। मौके पर थानाध्यक्ष फ़िरदौस सहित अन्य पुलिस बलों ने मामले की जांच में जुट गये। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए सघन गश्ती अभियान चलाया किन्तु पुलिस को कहीं से कोई सफलता हाथ नहीं लगी। हसनपुर बागर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने पर स्पष्ट एक बाइक पर तीन सवार बदमाश पीछे वाले के हाथ में कट्टा दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों की पहचान हो गयी है। शीघ्र ही उसकी गिरफ्तारी हो जाएगी। उधर गौरीपुर की संगीता देवी, कुन्दन देवी, रुबी देवी, उषा देवी, सीमा देवी, मंजीता देवी, कंचन देवी, अमृता देवी, आशा, ललिता, खुशबू, पार्वती, किरण, लक्ष्मी सहित दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने बताया कि महीना का ऋण वाला किस्त जमा किया था। वह महिला कर्मी पहली बार कलेक्शन के लिए यहां आयी थी।

# स्क्रैप टू आर्ट पहल के तहत जमालपुर लोको शेड में स्वदेशी कंप्रेसर इकाई का निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** मालदा मंडल अंतर्गत जमालपुर लोको शेड में स्क्रैप टू आर्ट पहल के तहत कंडम घोषित पुराने इंजनों के पुर्जों का पुनर्चक्रण कर एक बहुउपयोगी स्वदेशी कंप्रेसर इकाई का सफलतापूर्वक निर्माण किया गया है। यह अभिनव कार्य मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यात्रिक अभियंता (डीजल) कृष्ण कुमार दास के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कंप्रेसर इकाई के माध्यम से 10 किलोग्राम/सेमीव तथा 3.5 किलोग्राम/सेमीव का दबाव उत्पन्न किया जा सकता है। 10 किलोग्राम/सेमीव दबाव का उपयोग रिवर्सर परीक्षण यंत्र, ईएमसी सफाई, सीजीआर सफाई, मास्टर कंट्रोलर की सफाई तथा अन्य उपकरणों में वायु प्रवाह हेतु किया जाएगा, जबकि 3.5 किलोग्राम/ सेमीव दबाव का उपयोग एसएमजीआर परीक्षण यंत्र पर परीक्षण कार्य के लिए किया जाएगा। उक्त इकाई में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रेशर स्विच, सेफ्टी वाल्व तथा स्वचालित संपर्कक (ऑटोमैटिक कॉन्टैक्टर) लगाए गए हैं, जो निर्धारित दबाव प्राप्त होने पर कंप्रेसर को स्वतः बंद कर देते हैं। इस परियोजना को वरिष्ठ तकनीशियन विश्वरूप सेनगुप्ता द्वारा विकसित किया गया है, जिनके साथ एसएसई (जी) विनय कुमार सिंह एवं सेक्शन सुपरवाइजर हरिहरन बामन का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। इसके अतिरिक्त, बेंच वाइस संपर्क, ईएमसी स्टैंड, सीजीआर स्टैंड, जीआर, एसएमजीआर स्टैंड तथा अन्य आवश्यक लाइन व्यवस्थाएं भी इन-हाउस विकसित की गई हैं। यह पहल न केवल परित्यक्त सामग्री के प्रभावी पुनः उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि इससे लागत में उल्लेखनीय बचत, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा कार्यक्षमता में वृद्धि सुनिश्चित हुई है। यह नवाचार वेस्ट टू वेल्थ एवं आत्मनिर्भर भारत की भावना के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास तथा स्वदेशी तकनीकी क्षमता को भी सुदृढ़ करता है। इसके पहले भी लोको शेड अधिकारी कर्मचारियों ने डेड इंजन के कल पुरजो से उच्चतम क्वालिटी के कंप्रेसर मशीन का निर्माण किया था।

## पैसेंजर ट्रेन से देसी शराब बरामद

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर खड़ी कियूल जमालपुर डीएमयू पैसेंजर ट्रेन से लखीसराय पुलिस ने देसी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान धरहरा थाना क्षेत्र के लड़ैयाटांड़ निवासी संदीप कुमार के रूप में हुआ है। इधर गिरफ्तार शराब तस्कर के बारे में जमालपुर स्टेशन पर जानकारी देते हुए लखीसराय जिले के पीरी बाजार थाना के एसआई चंद्रवीर सिंह, एसआई अनिल कुमार, एएसआई कुमार लड्डू ने बताया कि सूचना मिली थी कि ट्रेन में भारी मात्रा में शराब की तस्करी किया जा रहा है। सूचना पर अभयपुर स्टेशन पर खड़ी ट्रेन डीएमयू पैसेंजर में एक युवक को संदिग्ध अवस्था में इधर-उधर करते देखा गया। पकड़ कर पूछताछ करते हुए उनके सामान की तलाशी ली गई तो 250 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। इधर बरामद शराब एवं गिरफ्तार शराब तस्कर पर कार्रवाई करने को लेकर लखीसराय पुलिस ने रेल पुलिस जमालपुर को सुपुर्द कर दिया।

# निजी विद्यालयों में रिएडमिशन व कैपिटेशन शुल्क होगा प्रतिबंधित : डीएम

## स्कूलों में यूनिफार्म कम से कम तीन वर्षों तक नहीं किया जाएगा परिवर्तित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र के दौरान निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही अभिभावकों के आर्थिक शोषण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी द्वारा जिले के सभी निजी प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बताया कि बिहार निजी विद्यालय शुल्क विनियमन अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत कोई भी निजी विद्यालय किसी शैक्षणिक सत्र में अधिकतम 7 प्रतिशत से अधिक शुल्क वृद्धि नहीं कर सकता है। इसके अतिरिक्त अगली कक्षा में प्रोन्नति के समय पुनः नामांकन शुल्क अथवा किसी भी प्रकार का कैपिटेशन शुल्क लेना पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दंडनीय माना जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि अभिभावक अपनी सुविधानुसार किसी भी स्थान से पाठ्य-पुस्तकें, विद्यालयी ड्रेस तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री क्रय करने के लिए स्वतंत्र हैं। किसी भी विद्यालय द्वारा किसी विशेष दुकान या संस्थान से सामग्री खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य करना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी निजी विद्यालयों को अपने ड्रेस कोड (यूनिफॉर्म) के स्वरूप में कम से कम तीन वर्षों तक कोई परिवर्तन नहीं करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी विद्यालय 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपनी वेबसाइट तथा विद्यालय के सूचना पट्ट पर कक्षावार पुस्तकों की सूची, ड्रेस की विशिष्टता एवं पूर्ण शुल्क विवरणी प्रदर्शित करेंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि उक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रथम उल्लंघन की स्थिति में न्यूनतम एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। जबकि पुनरावृत्ति होने पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बावजूद यदि नियमों की निरंतर अवहेलना की जाती है तो संबंधित विद्यालय की प्रस्वीकृति रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। आदेश के अनुपालन हेतु सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने तथा दैनिक प्रतिवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आरक्षित सीटों (25 प्रतिशत) पर नामांकन सुनिश्चित नहीं करने अथवा नियमों के विरुद्ध किसी प्रकार की गतिविधि पाए जाने को भी प्रस्वीकृति की शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा।

# झूला झूल रहा बच्चा गिरकर हुआ बेहोश, इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमालपुर (मुंगेर)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में उसे समय अफरा तफरी का माहौल देखा गया जब एक 10 वर्षीय बच्चों की मौत इलाज के दौरान हो गई। बच्चों की मौत के बारे में स्वजन एवं आसपास के सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मंडल ने बताया कि नया टोला केशोपुर जहांगीर निवासी अमित पासवान का 10 वर्षीय पुत्र शिवकुमार घर के आंगन में झूला पर झूल रहा था। इसी बीच बच्चा झूला से गिरकर बेहोश हो गया। घर के लोग बच्चों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईस्ट कॉलोनी जमालपुर पहुंचा जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद डॉक्टर ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इधर बच्चों की मौत की खबर सुनकर घर परिवार समाज के लोग पीएससी में इकट्ठा हो गए। हालांकि वहां किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो इसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता श्री मंडल सभी को शांतिपूर्ण तरीके से मृतक बच्चे को लेकर घर निकल गए। इधर पीएचसी के डॉक्टर पंकज कुमार ने बताया कि बेहोशी अवस्था में बच्चा पीएससी पहुंचा। बच्चों का पल्स रेट ना के बराबर था फिर भी तमाम तरीके के जांच करने के बाद बच्चों को मृत घोषित किया गया।

# भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकली बाइक रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चांदन (बांका)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आज मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों भव्य बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान पेलवा, कदरसा, गोपडीह, नाड़ी बारी, हेठचांदन, सलोनिया, गौरीपुर, नाड़ीबारी, कडवामारण, दहगिलवा, कुसुमजोरी, दोमुहान, गुहजोरा, बरमसिया आदि गांवों में आस्था, सम्मान और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। बाइक रैली शेखपुरा टांड़ से निकलकर पांडेयडीह होते हुए चांदन बस स्टैंड के रास्ते से तुर्की मोड़ पहुंचकर पुनः शेखपुरा टांड़ गांव पहुंचकर समापन हो गया। आयोजित रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए, रैली में शामिल लोग अपने अपने हाथों में बैनर और झंडे लिए बाबा साहेब के



विचारों का प्रचार-प्रसार करते नजर आए। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो जैसे नारों के साथ लोगों ने सामाजिक एकता और समानता का संदेश दिया। इस दौरान युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वहीं बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता शामिल रहे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों और युवाओं को बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान से अवगत कराया गया। शेखपुरा टांड़ गांव ट्राइसम के परिसर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय के लिए किए गए प्रयासों और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका को याद किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य आयोजक गौतम कुमार, बुलबुल, चंदन, रोहित कुमार दास के अलावा गोविंद दास, भगवान दास, टुना दास कपिल देव दास, संतोष दास, अंकुर दास, झंटू दास, विक्रम कुमार दास, सत्यम कुमार दास, रिंकू दास, धर्मेंद्र दास, अरूण दास, नीतीश दास, सचिन दास प्रेम दास, सुभाष, विवेक कुमार आदि का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

## डीएम-एसपी ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा अंबेडकर चौक पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समता, न्याय एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों एवं सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करें, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राज, अपर समाहर्ता, शशि शेखर सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अंबेदकर जयंती पर वॉलीबॉल खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं 11वीं नेशनल वॉलीबॉल खेल में उपविजेता बिहार टीम को सम्मानित किया गया। भारतीय कंपनी खेल महासंघ के तहत दिनांक 05 से 07 अप्रैल 2026, महाराष्ट्र राज्य में स्थित नासिक में 11वीं नेशनल वॉलीबॉल खेल में बिहार राज्य के साथ साथ लगभग महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड समेत कुल 16 राज्यों ने भाग लिया। बिहार राज्य के तरफ से अमन, नितिन, अभिनव, अंश, हिमांशु, विवेक, मानस, अक्षय, आशीष और विक्की के साथ साथ जूही, सुहानी, बेबी, भव्या, सिमरन, खुशी आदि वॉलीबॉल खेल के लिए चयनित हुए थे। लीग क्वालीफाई करने के बाद बिहार का पहला मैच महाराष्ट्र से ही हुआ जिसमें बिहार राज्य 3-2 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ के साथ पहली तथा दूसरी सेट में बिहार राज्य को हार के बाद तीसरी और चौथी में कड़ी मेहनत और दमदार प्रदर्शन के बल जीत हासिल की। पांचवी सेट में बिहार राज्य के तरफ से खेल रहे हरफनमौला खिलाड़ी अमन की लगातार 4 ब्लॉक से बिहार को आखिर में जीत हासिल कर अपनी जगह फाइनल में पक्की कर ली। फाइनल मैच भी लगभग सेमीफाइनल के जैसा ही हुआ था। फाइनल मैच को देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ इकट्ठा हुई थी। फाइनल में बिहार का सामना तमिलनाडु से होता है लड़कियों की कुल 11 राज्यों की टीम ने भाग लिया था जिसमें बिहार को फाइनल में दिल्ली मिली। इस तरह बिहार राज्य को लड़के तथा लड़कियों के दोनों टीम कंपनी खेल महासंघ के 11वीं नेशनल खेल में उपविजेता यानी दूसरी स्थान प्राप्त हुई। मौके पर डॉ. पीसी के निदेशक डॉ विकास कुमार के द्वारा नासिक में चल रहे नेशनल वॉलीबॉल मैच के विषयों पर कड़ी निगरानी थी ताकि बच्चों को किसी तरह से कोई दिक्कत ना हो। दूसरी स्थान प्राप्त करने के बाद संस्था के सचिव सह साइबर क्राइम विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश एवं निदेशक डॉ विकास कुमार के द्वारा बच्चों के मनोभाव को बढ़ाते हुए तथा उनके प्रोत्साहन को बढ़ाते हुए अपने निःशुल्क कंप्यूटर संस्थान में भव्य स्वागत कर उनको मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। अवेंजरस वॉलीबॉल एकेडमी के कोच व प्रशिक्षक शिव जी और संदीप जी के द्वारा नासिक से जीती हुई चमचमाती ट्रॉफी को डॉ. पीसी के निदेशक एवं कोच शिव के गुरु डॉ विकास कुमार को सौप कर उनका मान-सम्मान बढ़ाते हुए कहा कि डॉ. पीसी इंस्टीट्यूट को मेडल, कप और ट्रॉफीयों भर देंगे। इस संदेश के माध्यम से उन्होंने उनके माता पिता को भी प्रैक्टिकली ये कहा कि उनको भी उनके किए ऐसा करना चाहिए और पढ़ाई के साथ साथ खेल जगत में भी उनका नाम रौशन करना चाहिए। इस मौके पर वैभव, अर्पिता, दुर्गावती, रोहित, प्रमोद, अरिहंत, मृगांशी, शांभवी इत्यादि उपस्थित रहे।

## मदरसातुल बनात सना एकेडमी में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**कटोरिया (बांका)।** चांदन प्रखंड के सतलेटवा गांव स्थित लड़कियों का मदरसा मदरसतुल बनात सना एकेडमी में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। नए शैक्षिक सत्र का उद्घाटन मौलाना आविद हुसैन ने फिता काटकर कर किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती कमाल मुस्तफा ने की। जबकि संचालन मुफ्ली मुस्तकिम अहमद नें अदा की। समारोह में बड़ी संख्या प्रतिष्ठित उलेमा मशाइख व विभिन्न मदरसों के जिम्मेदार शामिल हुए। मुख्य अतिथियों में धनुवसार पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सद्दाम अंसारी ओर हथिया पत्थर के पूर्व जदयू नेता नवाव अंसारी रहें। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अपने भाषणों में मदरसे की दीनी इल्मी व आधुनिक शैक्षिणिक सेवाओं की भरपुर सराहना की। उन्होनें संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुफ्ती कमाल मुस्तफा की सरपस्ती व मुफ्ती मुस्तकिम अहमद कुशल प्रशासन में मदरसा निरंतर तरक्की राह पर अग्रसर है। वही मुफ्ती मुस्तकिम अहमद ने कहा कि लड़कियों के शिक्षा का उदेश्य केवल ज्ञान अर्जन नही बल्कि इंसानियत की सेवा ओर देश की उन्नति है। उन्होंनें छात्राओं को अनुशासन समय का सदुरपयोग ओर गुरूओं के सम्मान की सीख दी। मदरसा के मोहतमिम आलिमा सकिना खातुन ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य लड़कियों का नैतिक व बौध्दिक विकास करना है। वही मुख्य अतिथि धनुवसार पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सद्दाम अंसारी नें संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियो का मदरसा मदरसतुल बनात सना एकेडमी शुरूआत हुई है।समय के हिसाब से बहुत अच्छा हुआ है। उन्हेनें कहा कि लड़कियो की शिक्षा क्यो जरूरी है। क्योंकि लड़किया आत्महत्या, सुसाइड न करे अपने बच्चियों को इस काबिल बना दिजिये कि वह समाज में फ़ैले बुराई दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद करे। वही मदरसा के कई बच्चिया नाते नबी गुनगुनाये अंत में देश की शांति और तरक्की के लिए दुआ की गई।इस मौके पर हाफिज मौनाजिर, मौलाना आविद, मौलाना हिदायत, मौलाना नासिर, मो रियाज, मो साजिद, मो इनायत मो, फारूक अंसारी, अहमद रजा, हाफिज रिजवान, हाफिज नईमउद्दीन, शहनवाज, घोरमारा जामा मस्जिद के इमाम पीरे तरीकत मौलाना शेख जफर रजा कादरी सहित अन्य मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बाराहाट (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के चंगेरी गांव के रहने वाले मनोज कुमार साह के 20 वर्षीय पुत्र पारस कुमार की सूरत के मरोली हॉट के पास नवसारी में एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। 11 अप्रैल की शाम पारस अपने गांव वाले साथी से मिलकर अपना आवास लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने से यह हादसा हो गया। रेल प्रशासन ने मृतक के मोबाइल से परिजनों को संपर्क कर घटना की जानकारी दी और मरोली अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों के अनुसार पारस कुमार सप्ताह भर पहले ही रोजगार की तलाश में सूरत गुजरात गया हुआ था। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

## एनटीपीसी कहलगांव में अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**कहलगांव (भागलपुर)।** एनटीपीसी कहलगांव परियोजना की अग्नि शमन शाखा सीआईएसएफ द्वारा मंगलवार को संयंत्र परिसर स्थित फायर स्टेशन में अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा सप्ताह (14-20 अप्रैल) का भी विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक कमाण्डेंट (अग्नि) मनीष कुमार के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना हेड) रविन्द्र पटेल, सीआईएसएफ के कमाण्डेंट भारती नन्दन, जीएम, संचालन मनोरंजन परिदा, जीएम, मेनटेनेंस श्रीनाथ मारिसेटी, सीएमओ, जीवन ज्योति अस्पताल डा. सुष्मिता सिंह, सहायक कमांडेंट मनीष कुमार, सहायक कमांडेंट गौरेलाल शुक्ला



सहित अन्य अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए और 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे पोर्ट पर एस.एस. फोर्ट स्टाइकिन जहाज में हुए भीषण विस्फोट के दौरान अपनी जान गंवाने वाले जांबाज अग्नि शमन कर्मियों की याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस बीच कमाण्डेंट भारती नन्दन ने सभी को राष्ट्रहित में अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि और कमाण्डेंट द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित बुकलेट, पम्फलेट का विमोचन भी किया गया। इस वर्ष 2026 की थीम 'सुरक्षा और जागरूकता' पर केंद्रित ?सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ सीजीएम रविन्द्र पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले एक वर्ष में संयंत्र में कोई भी बड़ी अग्नि दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य संयंत्र, समाज एवं आर्थिक नुकसान को शून्य करना है, जिसे सभी कर्मचारियों और श्रमिकों के पारस्परिक सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सीआईएसएफ की उत्कृष्ट सेवाओं की भी सराहना की। इंस्पेक्टर जूलियस ईश्वरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इधर कहलगांव अनुमंडल अग्नि शमन कार्यालय में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के मौके पर माक ड्रिल, फायर सेफ्टी को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मदन कुमार, सब आफिसर भागीरथ मांझी, रामबाबू सिंह, बजरंगी कुमार,अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

## बिहार के पुनरुद्धार के प्रणेता रहे नीतीश : मुकेश जैन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक पुनरुद्धार के प्रणेता नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री का कार्यकाल सदैव याद किया जयगा। अधूरे बिहार को पूर्णता देने का गर्वित अध्याय 20 साल के कार्यकाल में लिखने का काम किया। उक्त बातें मंगलवार को अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सह जदयू नेता मुकेश जैन ने कहा। श्री जैन ने कहा कि नीतीश कुमार ने सामाजिक न्याय को विकास और विश्वास के साथ जोड़कर सुशासन की नई पहचान दी। जिसमे बेटियों के लिए साइकिल योजना से शिक्षा और आत्मसम्मान का रास्ता खोला, अंधेरे में डूबे बिहार को घर-घर 24 घंटे बिजली दी, हर घर नल-जल से स्वच्छ जल पहुँचाया, क्रांतिकारी सोच से लाखों युवाओं को उज्जवल भविष्य दिया, विकास को गाँव-गाँव तक ले जाने का संकल्प दिया। बिहार की यह गौरव यात्रा एक कहानी नहीं, सुखद अध्याय है।

## सीएसपी संचालक से लूट व फायरिंग मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** नारायणपुर थाना पुलिस द्वारा पीएनबी बैंक के सीएसपी संचालक से लूट व फायरिंग मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव से हुई, उसके पास से लूटी गयी के चेकबुक, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपित नारायणपुर थाना क्षेत्र के धोबड़ी गांव निवासी सर्वानंद सिंह का पुत्र अंशु कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि बीते 9 फरवरी की शाम जब नारायणपुर थाना क्षेत्र के भलुनी गांव निवासी बैजनाथ सिंह के पुत्र सह सीएसपी संचालक विकाश कुमार अपना सीएसपी केंद्र बंद कर वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में उनके पास रहे बैग में साढ़े तीन लाख रुपये नगद, आधार कार्ड, चेकबुक एवं पैन कार्ड था। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के भलुनी मोड़ के पास पहुंचे। तभी तीन हथियारबंद अपराधियों द्वारा उनके पास रहे बैग को छीना जाने लगा। विरोध करने पर अज्ञात अपराधियों द्वारा तीन राउंड फायरिंग कर उन्हें धमकाते हुए उनके पास रहे बैग को लूट लिया गया था। जिसके बाद सीएसपी संचालक विकास कुमार द्वारा नारायणपुर थाना में तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## बाबा साहेब की जयंती पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**उदवंतनगर (भोजपुर)।** प्रखण्ड क्षेत्र सरथुआ गांव में बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष सिंह भिखारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की गई तथा बाबा साहेब के बारे में बताया गया। बाबा साहेब भीम अंबेडकर जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर बागर में कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण बलिराम एवं प्रधानाचार्य विकास कुमार जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बाबा साहब को संविधान निर्माता के साथ साथ समाज सुधारक बताया। सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा बागर व मानसागर महादलित बस्ती में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों विकास व सूरज के द्वारा बागर में 50 बच्चों तथा सोनवर्षा पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप द्वारा पाठ्य सामग्री कापी व कलम बांटी गई। वार्ड सदस्य अशोक शाह का विशेष सहयोग रहा। मौके पर टोला सेवक हरे राम, जितेंद्र कुमार, विद्यालय के आचार्य उपेन्द्र जी, अरविंद जी, राजीव जी, विजय जी, संजय जी मौजूद थे।शांति मंत्र के द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सम्राट चौधरी होंगे बिहार...

को बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इसके बाद विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में एनडीए के विधायकों की संयुक्त बैठक में भाजपा के नेता सम्राट चौधरी के नाम का अनुमोदन किया गया। वहां भी उन्हें नेता चुन लिया गया। फिर सम्राट ने राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सम्राट चौधरी की अगुवाई में नई सरकार बुधवार की सुबह 11 बजे लोक भवन (राजभवन) में शपथ लेगी। समारोह में दिल्ली से भाजपा और एनडीए दलों के बड़े नेता आ सकते हैं।

### नीतीश कुमार ने राज्यपाल...

सामाजिक जीवन में इन चीजों का आना जाना लगा रहता है। अनके साथ काम करने का जो अनुभव मिला जो तौर तरीका सीखा निश्चित रूप से हमारा ज्ञानवर्धन हुआ और राज्य की जनता के समस्याओं का समाधान उन्होंने निकाला। बता दें कि नीतीश कुमार ने हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद 30 मार्च 2026 को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली है। संवैधानिक नियमों के अनुसार संसद सदस्य बनने के बाद उन्हें राज्य विधायिका का पद छोड़ना अनिवार्य था जिसके बाद अब उन्होंने अब मुख्यमंत्री पद भी छोड़ दिया है। अब नीतीश कुमार दिल्ली की राजनीति करने जा रहे हैं। 75 साल के नीतीश कुमार पिछले 41 सालों से संसदीय राजनीति में सक्रिय रहे हैं। विधायकी से सफर शुरू किया और उसके बाद लोकसभा सांसद और केंद्र में कई विभागों के मंत्री रहे। 2000 में पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने लेकिन चंद दिनों बाद ही पद छोड़ना पड़ा। वहीं 2005 में जब से सत्ता में आए तब से (2014-15 के नौ महीने छोड़ दें, जब जीतन राम मांझी सीएम थे) लगातार मुख्यमंत्री पद पर काबिज रहे।

### नीतीश कुमार ने बहुत...

के विचारों से इस पार्टी से जुड़ा। 2015 के चुनाव से लगातार भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करता रहा। बिहार के नए सीएम बनने जा रहे सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा ने कभी प्रदेश पदाधिकारी के तौर पर, विधानमंडल दल में विधान परिषद के नेता के तौर पर और संगठन के सर्वोच्च पद, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी ने काम करने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि साल 2024 में जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, तब भी डिप्टी सीएम के तौर पर काम करने काम मौका मिला। फिर 2025 में बिहार की जनता हमें बहुमत देकर मोदी जी और नीतीश जी की विचारधारा को जिताने का काम किया। तब भी बिहार में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिला।

## महादेवपुर पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी, 15 को मतदान

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**अमरपुर।** अमरपुर प्रखंड के महादेवपुर पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिक राज ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में अमरपुर प्रखंड के पांच पैक्स चुनाव प्रस्तावित थे, लेकिन महादेवपुर पैक्स का चुनाव मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण स्थगित कर दिया गया था। इस संबंध में निर्वाचन प्राधिकार द्वारा पत्र जारी कर चुनाव टाल दिया गया था। अब नई तिथि के अनुसार 15 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि मतदान कार्य के लिए कर्मियों की नियुक्ति कर दी गई है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को दोपहर 1 बजे बीडीओ प्रतिक राज और थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने गोपालपुर स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

## इवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**आरा (भोजपुर)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर के द्वारा संयुक्त रूप से ईवीएम/वीवीपैट (ईवीएम/वीवीपीएटी) वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में रखी गई मशीनों की सुरक्षा, लॉग बुक का संधारण, प्रवेश-निष्कासन नियंत्रण, सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन यंत्र और बैकअप व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक भोजपुर ने निर्देश दिया कि सुरक्षा कर्मी बिना अनुमति अपने स्थान से न हटें, 24 घंटे सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, लॉग बुक में प्रत्येक प्रवेश की जानकारी दर्ज हो तथा वेयरहाउस का वातावरण हमेशा सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्व को पूरी जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ निभाएं। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मी भी उपस्थित रहे।

## अखण्ड हरि कीर्तन का आयोजन

**उदवंतनगर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कोहड़ा गांव में अखण्ड हरि कीर्तन का आयोजन चतुर्गुण ओझा के सौजन्य से किया गया। हरि कीर्तन से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। बक्सर से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों ने हरि नाम कीर्तन गाकर लोगों का मनमोह लिया। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के षोडश मंत्रों का जाप निरंतर चलता रहा। आयोजनकर्ताओं में शशिभूषण ओझा, विधि भूषण ओझा, हरेन्द्र ओझा, पंकज ओझा, रवि बाब, रोहित ओझा, कुंदन, प्रभुनाथ, अमरनाथ, ओंकार ओझा मुख्य थे। संपूर्ण ग्रामीणों ने हरि कीर्तन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर हर्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सम्राट चौधरी के एनडीए विधायक दल के नेता चुने जाने एवं अगले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर एनडीए घटक दलों के नेताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित पांडेय, पीरपैंती के विधायक मुरारी पासवान और जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार ने सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल के नेता बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी के शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन से श्री चौधरी के नेतृत्व में यह प्रदेश विकास एवं समृद्धि के नये मुकाम हासिल करेगा। विकास कार्यों में तेजी आएगी। ऐसे में खासकर, पूर्वी बिहार के भागलपुर, मुंगेर और बांका जिलो को ज्यादा लाभ होगा।

वहीं जिला जदयू अध्यक्ष विवेका गुप्ता ने अगले मुख्यमंत्री बनने पर सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बिहार में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। वहीं नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री के लंबे कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकता है। क्योंकि उन्होंने प्रदेश में विकास एवं सुशासन की मजबूत नींव रखने का काम किया। इसीतरह जिला भाजपा के जिला प्रवक्ता इन्दु भूषण झा, राजकिशोर गुप्ता, दिलीप मिश्र, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी, लक्ष्मी कुशवाहा, रुबी दास सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास करेगा।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर युवा राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैलेंद्र कुमार ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए समाज के वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। उनके प्रसिद्ध संदेश ल्लशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोङ्क को अपनाने पर जोर दिया और कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर हकीम प्रसाद, असमंजस यादव, अनुप मौर्या, शिवकुमार शर्मा, विजय यादव, तीर्थ पासवान, सोहेल खान, दीपक यादव सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम

**आरा (भोजपुर)।** पंजाब नैशनल बैंक के मंडल कार्यालय आरा में डॉक्टर भीम राव आंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर एक आम सभा का आयोजन कर डॉक्टर भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार, मुख्य प्रबंधक शंभू महतो, धर्मराज राम, संजय कुमार, अनिल कुमार, बब्लू कुमार, सतीश पाठक, मनोज कुमार, रितेश कुमार, सुजीत कुमार, राहुल राणा, प्रदीप कुमार, आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, तीन रेफर

**चांदन (बांका)।** चांदन देवघर मुख्य सड़क मार्ग के पीएचडी पानी टंकी के समीप एक बेकाबू ट्रैक्टर ने बाईक सवार को रौंदा। जिसके चपेट में आने से तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार आज मंगलवार देर शाम करीब 7:30 बजे सुखनिया गांव निवासी विकास कुमार उम्र करीब 18 वर्ष, बैजनाथ कुमार उम्र करीब 19 वर्ष एवं मुस्कान कुमार उम्र करीब 18 वर्ष जरूरी कार्य हेतु सुखनियां गांव से चांदन बाजार आने के दौरान पीएचडी पानी टंकी के समीप पहुंचते ही सामने से आ रही एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीनों युवक को रौंदा डाला। जिससे तिनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सुचना पर पहुंचे स्वजनों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी डॉ नीरज कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष कुमार ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर रूप से जख्मी तीनों युवक को सदर अस्पताल देवघर रेफर कर दिया।

# अग्नि सुरक्षा के प्रति रहें सजग : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के राज्य अग्निशमन पदाधिकारी सह निदेशक के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 से 20 अप्रैल 2026 तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन जिले में व्यापक जन-जागरूकता, संस्थागत सुरक्षा मूल्यांकन एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण आधारित अभियान के रूप में किया जा रहा है। यह सप्ताह केवल औपचारिक आयोजन न होकर जन-जीवन में अग्नि सुरक्षा के व्यवहारिक अनुपालन को सुदृढ़ करने का माध्यम है। अतः सभी गतिविधियों का संचालन परिणामोन्मुख, मापनीय एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ किया जा रहा है। इस वर्ष का थीम-सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-अग्नि निवारण के लिए एकजुट'' आग की रोकथाम के लिए एक साथ) निर्धारित किया



गया है। इसी क्रम में आज अग्निशमन सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस के अवसर पर अग्निशामालय, औरंगाबाद परिसर में शहीद अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी एवं अन्य अग्निशमन पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सभी कर्मियों को पिन फ्लैग लगाया गया। इसके उपरांत जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, अपर समाहर्ता, जिला भूमि सुधार पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र एवं अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पिन फ्लैग प्रदान कर शहीद अग्निशमन कर्मियों का स्मरण कराया गया। अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अग्निशामालय, औरंगाबाद द्वारा सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल एवं अग्नि अंकेक्षण किया गया। इसी क्रम में अग्निशामालय, दाउदनगर अंतर्गत अनुमंडल सदर अस्पताल, दाउदनगर एवं अरविंद हॉस्पिटल, दाउदनगर में भी मॉक ड्रिल एवं अग्नि अंकेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड अग्निशामालय, नवीनगर एवं रफीगंज अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज एवं रेफरल अस्पताल, टंडवा में निकासी योजना तैयार करते हुए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। साथ ही जागरूकता हेतु पम्पलेट वितरण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पिन फ्लैग लगाया गया। जिलावासियों से अपील की गई है कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति सजग रहें तथा संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानियों का पालन करें।

# एक ही पद के लिए नामांकन कर सकते हैं कोई वार्ड पार्षद

**उपेंद्र कश्यप/नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति सदस्य के तीन पदों के लिए निर्वाचन होना तय है। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया 16 अप्रैल को अनुमंडल कार्यालय सभागार में संपन्न होगी। इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण जानकारी यह है कि एक वार्ड पार्षद एक ही पद के लिए नामांकन कर सकता है। जैसे कोई व्यक्ति दो वार्ड से या इससे अधिक वार्ड से वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ सकता है, पात्र व्यक्ति एक से अधिक विधानसभा क्षेत्र या लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकता है, वैसी सुविधा सशक्त स्थाई समिति सदस्य पद का चुनाव लड़ने वालों के लिए उपलब्ध नहीं है। एक वार्ड पार्षद एक ही पद के लिए नामांकन करेगा। यह संभव नहीं है कि वह दो या तीनों पद के लिए नामांकन करे। अगर कोई वार्ड पार्षद दो या तीन पदों के लिए नामांकन करता है तो उसका क्रम संख्या एक के नामांकन को वैध माना जाएगा और बाकी पद संख्या क्रमशः दो, तीन या अन्य के लिए किए गए नामांकन को रद्द घोषित किया जाएगा। इसके अलावा सभी अभ्यर्थी तीन पद होने के कारण तीन-तीन वोट देंगे। यानी एक वार्ड पार्षद अपने पक्ष में मतदान तो करेगा ही उसे अपने समकक्ष के दो अन्य पदों के प्रत्याशियों के लिए भी नामांकन करने का अधिकार सुरक्षित है। नगर परिषद में कुल 27 वार्ड पार्षद हैं। इसलिए यहां सभी 27 मतदाता हैं। लेकिन सभी को तीन-तीन मत देने हैं, इसलिए मतों की संख्या 81 होगी।

## ऐसे रद्द हो सकता है चुनाव

दो अप्रैल को नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपरिहार्य स्थिति में कारण अंकित करते हुए जिला पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया को स्थगित करते हुए राज्य सरकार का निदेश पालन कर अगली कार्रवाई कर सकते हैं। निर्वाचन की पूरी कार्रवाई की विडियोग्राफी कराई जाएगी और सभी अभिलेख नगर निकाय के अगले आम निर्वाचन तक के लिए अथवा किसी न्यायिक कार्यवाही के पूर्ण होने तक सुरक्षित रूप से संधारित किये जाएंगे।

## इन बातों का रखें ध्यान

वार्ड पार्षद के पद पर प्रत्येक निर्वाचित सदस्य सिर्फ एक ही रिक्ति के विरुद्ध नामांकन कर सकेंगे। यदि किसी वार्ड पार्षद द्वारा एक से अधिक रिक्ति के लिए नामांकन किया जाता है, तो उनके द्वारा किये गये नामांकन में से न्यूनतम क्रमांक वाली मतपेटिका में किया गया नामांकन ही वैध माना जायेगा। नामांकन प्रपत्र परिशिष्ट-01 की तरह होगा। सशक्त स्थायी समिति के प्रत्येक सदस्य की रिक्ति के विरुद्ध एक ही समय अलग-अलग निर्वाचन कराया जाएगा और इसके लिए प्रत्येक रिक्ति के अनुसार मतपेटिका को क्रमानुसार (क्रमांक संख्या-1, 2, 3 इत्यादि) चिह्नित की जाएगी। नामांकन के तुरंत बाद प्रत्येक रिक्ति के विरुद्ध हिन्दी (देवनागरी लिपि) में वर्णानुक्रम में मतपत्र तैयार किया जाएगा, जो परिशिष्ट दो के अनुरूप होगा। इसके पश्चात नगर निकाय के निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा रिक्तियों के क्रमांकित मतपेटियों में गुप्त रूप से मत डाले जाएंगे। मतदान समाप्त होने के ठीक बाद नगर निकाय के निर्वाचित वार्ड पार्षदों के समक्ष रिक्तिवार मतपेटियों को खोलकर मतगणना की जाएगी और अधिकतम मत पाने वाले नामांकित वार्ड पार्षद को संबंधित रिक्ति के विरूद्ध निर्वाचित घोषित किया जाएगा तथा परिशिष्ट-तीन में विहित प्रपत्र में प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-24 के तहत सशक्त स्थायी समिति के निर्वाचित सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। नामांकन से लेकर सशक्त स्थायी समिति के निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने तक की कार्रवाई प्रातः आठ बजे से आरम्भ होगी तथा बिना विराम के पूरी की जाएगी।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र कंतरी गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना देव थाना क्षेत्र कंतरी की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के धनाव गांव निवासी रंजीत कुमार के 11 वर्षीय पुत्र अंश कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अंश परिजनों से बिना बताए कंतरी के समीप जेसीबी से खुदाई की गई गढ्ढे में स्नान करने लगा। इसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया। आसपास कोई नहीं होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने जब खोजबीन शुरू की तो घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक किशोर के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के लिए खुदाई की गई गढ्ढे में काफी पानी जमा है जिसमें स्नान के दौरान डूबने से एक किशोर की मौत हुई। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सम्राट चौधरी के नेतृत्व में जनसेवा के नए आयाम स्थापित होंगे : सुशील सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व सांसद ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और पार्टी के शीर्ष मार्गदर्शन में बिहार विकास, सुशासन और समृद्धि के नए मुकाम हासिल करेगा। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक बिहार का नेतृत्व कर विकास और सुशासन की मजबूत नींव रखी। सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था में हुए सुधार उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम हैं।



उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के शिल्पकार के रूप में नीतीश कुमार का योगदान सदैव याद रखा जाएगा और उनका कार्यकाल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी खुशी व्यक्त की। बधाई देने वालों में वरीय नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मनोज शर्मा, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, अश्विनी सिंह, अधिवक्ता आदित्य शेखर, प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, जुलेखा खातून, अशोक सिंह, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, अनिता सिंह, रामेश्वर बैठा, आलोक सिंह, मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, विनोद सिंह, राजेश सिंह, अमरीश सिंह, विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, जितेन्द्र कुमार उर्फ राजू, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, उषा सिंह, सुमन अग्रवाल, सोनम सिंह, सुबोध सिंह सहित एनडीए के कई कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने सम्राट चौधरी के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलने और बिहार के समग्र विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई।

# अलग-अलग अपराधों में 43 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों के खरीद फरोख्त यथा अपराध नियंत्रण व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 6, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 11 तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 210.40 लीटर देसी शराब, 197.25, लीटर विदेशी शराब, 10 लीटर स्प्रिट, 2 बाइक एवं 2 कार बरामद किया गया है तथा साईबर पुलिस द्वारा 10000 रूपये रिकवरी किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1270 वाहनों की जांच की गई जिसमें 79500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 38 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी विद्यालयों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह विद्या निकेतन, शुक बाजार स्थित प्रोग्राम हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण, तिलक-वंदन एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित



रहे। समारोह के दौरान बाबा साहब के जीवन एवं विचारों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही श्रद्धांजलि स्वरूप भजन एवं देशभक्ति गीतों का भी आयोजन हुआ। निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान के कारण ही देश में अनुशासन, समानता और न्याय की स्थापना संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि संविधान का पालन ही समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखता है। सीईओ आनंद प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए अनुशासन और नियम-कानून के महत्व पर जोर दिया तथा उन्हें आदर्श छात्र बनने की प्रेरणा दी। वहीं डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने समानता और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को सच्चाई और सही मार्ग का बोध कराती है। टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने बाबा साहब की विद्वता का उल्लेख करते हुए छात्रों को अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने और समय का सदुपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं छात्र-छात्राओं ने भी पूरे ध्यानपूर्वक उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रेरणादायक वातावरण देखने को मिला जहां सभी ने शिक्षा, समानता और अनुशासन के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की संपत्ति राख

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के मित्रसेंपुर गांव में मंगलवार की सुबह हाई वोल्टेज बिजली तार में हुए शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट की चिंगारी सुखे डंठलों पर पड़ते ही आग भड़क उठी और तेजी से फैलती चली गई। ग्रामीणों ने तत्क्षण घटना की सूचना कुटुंबा थाना को दी और उपलब्ध संसाधनों के सहारे आग पर काबू पाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया परन्तु तब तक काफी नुकसान हो चुका था। दमकल को घटनास्थल पर पहुंचने में एक से दो घंटे का समय लग गये जिसके कारण ग्रामीणों में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई। पीड़ित ने बताया कि इस घटना में उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति का नुक़सान हुआ है।

# नवविवाहिता की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में दहेज को लेकर एक नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद से ससुराल वाले फरार है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी बिट्टू सिंह की पत्नी काजल कुमारी के रूप में की गई है। घटना को लेकर नरारी कलां खुर्द थाना क्षेत्र के कुड़वा गांव निवासी मृतका के भाई प्रकाश कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल 2025 को बहन की शादी हुई थी। अभी शादी के एक साल भी नहीं हुए और ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि शादी के कुछ दिन सब कुछ सामान्य रहा। इसके बाद बहनोई और ससुराल वालों द्वारा दहेज़ को लेकर बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा। मामले में पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर कई बार समझौता हुआ लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसी क्रम में मंगलवार की दोपहर बहनोई से सूचना मिली कि बहन की तबीयत खराब है। सूचना पाकर घर पहुंचा तो उसका शव आंगन में पड़ा मिला तथा उसके शरीर पर जख्म और गले पर फंदे का निशान था। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज घर को पूरी तरह सील कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया दहेज को लेकर एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना को लेकर मृतका के पति बिट्टू सिंह, जेठ टूटू सिंह, ससुर प्रमोद कुमार सिंह एवं सास को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। सभी की तलाश की जा रही है। जल्द ही पकड़े जाएंगे।

# विद्युत चोरी में सात लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी करते पकड़े गए सात लोगों पर एक लाख 26 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी विद्युत सहायक अभियंता शिवरतन लाल व विद्युत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने दी। दल का नेतृत्व कर रहे सहायक अभियंता शिवरतन लाल ने बताया कि मदनपुर थाना के चांद बिगहा में जांच दल की टीम पहुंची। गणेश पासी के घर में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी से उपयोग किया जा रहा था जिसके विरुद्ध 5081 रूपये जुर्माना लगाया गया है जबकि कुम्हार बिगहा में योगेन्द्र प्रजापति के घर में मीटर बाईपास कर बिजली जलाने पर 20670 रूपये, गुप्ता प्रजापति के घर में भी मीटर बाईपास कर बिजली जलाने पर 23470 रूपये, प्रभु प्रजापति के घर में बिना कनेक्शन लिए बिजली जलाते पकड़े जाने पर 23470 रूपये, मनीलाल प्रजापति के घर में मीटर बाईपास करके बिजली चोरी कर जलाने पर 10996 रूपये, आट गांव में छापेमारी करने पर नथुनी चौधरी के घर में बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करते पकड़े जाने पर 18877 रूपये और इसी गांव के धनंजय ठाकुर के घर में मीटर बाईपास कर बिजली जलाने पर 23934 रूपये जुर्माना लगाया गया है।

# नवोदय विद्यालय में मनी डॉ. अम्बेडकर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आज जवाहर नवोदय विद्यालय, बारून (औरंगाबाद) के बहुउद्देशीय भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह और सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा



प्रेरणादायक संबोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, तथा भारतीय समाज में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने उनके विचारों समानता, शिक्षा, और सामाजिक न्याय को अपनाने का संकल्प भी व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में समानता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। इस प्रकार यह आयोजन प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें विद्यालय के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# समाज में समता एवं समानता की स्थापना जरूरी : पंकज

## गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मंगलवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव पंकज कुमार सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डालकर उनके द्वारा बताए गए कानून एवं अहिंसा के साथ जीवन व्यतीत करने की सलाह दी। महाविद्यालय के सचिव पंकज कुमार सिंह ने अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि समाज में समता एवं समानता की स्थापना करनी चाहिए जिससे व्यक्ति जाति, लिंग व धर्म के आधार पर एक समान व्यवहार कर सके। इसके लिए हमें शिक्षा ग्रहण करना अति आवश्यक है। शिक्षा से ही हम संगठित होकर संघर्ष कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, चंद्रगढ़ उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश सिंह, पिपरा पंचायत पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महाविद्यालय प्रवक्ता डॉ महेंद्र कुमार यादव, सुशील कुमार, सुनील सिंह, सौरभ सिंह, विनय सिंह, विकास कुमार सिंह, मनीष सिंह, सुमित सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।




